माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 89, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 14

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 13







# मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं: मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया अबू धाबी में पहले मंदिर का लोकार्पण

- 27 एकड़ जमीन में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मैं एक मंदिर के पुजारी की योग्यता रखता हूं या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं। मोदी ने यहां निर्मित पहले हिंदू मंदिर का लोकार्पण किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बाप्स ने बनाया है। मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मंदिर के लोकार्पण से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए कंक्रीट मिश्रण में 55 फीसदी सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज संयुक्त अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी। उन्होंने कहा कि आज बसंत पंचमी का पवित्र त्योहार भी है। यह मां सरस्वती का पर्व है। मां सरस्वती यानी बुद्धि और विवेक की, मानवीय प्रज्ञा और चेतना की देवी है। ये मानवीय प्रज्ञा ही है, जिसने हमें सहयोग, सामंजस्य, समन्वय और सौहार्द जैसे आदर्शों को जीवन में उतारने की समझ प्रदान की है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### यह मंदिर मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक संयुक्त अरब अमीरात बुर्ज खलीफा, फ्यूचर म्यूजियम, शेख जायद मस्जिद और दूसरी उच्च तकनीक वाली इमारतों के लिए जाना जाता था, अब उसकी पहचान में एक और सांस्कृतिक अध्याय जुड़ गया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इससे यूएई आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ेगी और लोगों से लोगों का संपर्क भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं पूरे भारत और विश्व भर में रहने वाले करोड़ों भारतवंशियों की ओर से यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को और यूएई सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं यूएई के लोगों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि अबू धाबी का यह विशाल मंदिर केवल एक उपासना स्थली नहीं है, बल्कि मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक है। ये भारत और अरब के लोगों के आपसी प्रेम का भी प्रतीक है। इसमें भारत और यूएई के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब है।

### अयोध्या के परम आनंद को अबू धाबी ने बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अमृतकाल का समय है। अभी पिछले महीने ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ है। रामलला अपने भवन में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत और हर भारतीय उस प्रेम भाव में अभी तक डूबा हुआ है। अयोध्या के हमारे उस परम आनंद को आज अबू धाबी में मिली खुशी की लहर ने और बढ़ा दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं पहले अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर और फिर अब अबू धाबी में इस मंदिर के लोकार्पण का साक्षी बना हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परमात्मा ने मुझे जितना समय दिया है, उसका हर एक पल और परमात्मा ने जो शरीर दिया है, उसका कण-कण सिर्फ और सिर्फ मां भारती के लिए है। कहा कि एक पुजारी की योग्यता मुझ में है या नहीं, मैं नहीं जानता हूं, लेकिन 140 करोड़ भारतवासियों का पुजारी हूं और 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में मारी टक्कर पिता-पुत्र सहित तीन की गई जान

संवाददाता, एटा

- हादसे में आधा दर्जन लोग घायल मंगलवार देर रात हुई थी घटना
- चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा

**अमृत विचार :** रिश्तेदार की शादी में मंडप की दावत खाकर घर लौट रहे लोगों की कार में मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। भीषण हादसे में पिता-पुत्र और सात माह की बच्ची की मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के मरथरा गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार से लोगों को बाहर निकाला। जब तक अस्पताल पहुंचाया गया तब तक विश्वनाथ की पुत्री मिस्टी (7 माह), नेपाल सिंह (40 वर्ष) और उनका बेटा निशांत (7 वर्ष) निवासी नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज की मौत हो गई।

घायलों में रुचि पत्नी विश्वनाथ प्रताप (25), प्रिया पुत्री नेपाल सिंह (13), भानु पुत्र रोहतास (6 वर्ष), रोहतास पुत्र मथुरा प्रसाद (35), सुनीता पत्नी रोहतास (35) निवासी नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज शामिल हैं। इनकी हालत नाजुक देखते हुए अलीगढ़ के लिए रेफर किया गया है।

> कोतवाली देहात क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रही कार की टक्कर ट्रैक्टर से हुई है। बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हुई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। गंभीर घायलों को अलीगढ़ रेफर किया गया है। ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है।
> -**राजेश कुमार सिंह**, एसएसपी, एटा

# टैक्स चोरी : 11 शहरों में 30 ठिकानों पर आयकर छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका के ठिकानों से मिले 2.50 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पशु आहार बनाने वाली कंपनी के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर छापामारी की, इस दौरान 2.50 करोड़ रुपये और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे। कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है। पशु आहार (मुर्गी दाना आदि) बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका प्रालि. द्वारा टैक्स चोरी करने की जानकारी मिलने पर आयकर विभाग लखनऊ की टीम ने छापा मारा। टीम ने कंपनी के चार प्रदेशों के 11 शहरों में 30 ठिकानों पर मंगलवार देर रात छापा मारा। प्रदेश के लखनऊ, बहराइच, सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बिहार के आरा, पटना, प. बंगाल के हावड़ा, कोलकाता, सिलीगुड़ी और आसाम के गुवाहाटी में छापों में बुधवार दोपहर तक करीब 2.50 करोड़ रुपये नकद और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक लखनऊ निवासी नवनीत गीडिया की कंपनी इवा एग्जोटिका के बारे में फर्जी बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी की सूचना मिली थी।

## थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर

**नई दिल्ली।** फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी।

## एक नजर

### नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड कानपुर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

### जमानत के लिए संजय सिंह पहुंचे शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया है, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति मामले में उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया गया था।

# बेहमई कांड : बरसी पर 43 साल के बाद आया फैसला, एक को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बेहमई कांड के मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ाकर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग घायल हो गए थे। मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

### ये लोग मारे गए थे

तुलसीराम सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवबालक सिंह, बनवारी सिंह पुत्र लाखन सिंह, लाल सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह पुत्र महाराज सिंह, हिम्मत सिंह, हुकुम सिंह, हरिओम सिंह, रामऔतार, तुलसीराम पुत्र धनीराम व नजीर खां।

## केजरीवाल को ईडी का छठा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है।



आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले जाएंगे

**देहरादून।** चारधाम में एक बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे। बुधवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि परंपरा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नरेंद्र नगर पैलेस में एक धार्मिक समारोह के बाद मंदिर के कपाट खोलने की तारीख और समय की घोषणा की गई है। समारोह में टिहरी के पूर्व शाही परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# आतिशबाजी पैनल में विस्फोट से 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

**अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। मृतक कर्वी के रहने वाले स्थानीय छात्र थे। सभी की उम्र 13 से 15 साल के बीच की थी।

### मुख्यमंत्री ने जताया दु:ख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दु:ख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का नि:शुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

# मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

**दिल्ली चलो मार्च**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

### केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

**चंडीगढ़।** तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

### राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।



## एक नजर

### सरस्वती पूजन में शामिल हुए छात्र-छात्राएं

**गजरौला।** गढ़ा जंगल स्थित हनुमान मंदिर पर परंपरागत रूप से वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती पूजन विधि विधान से किया गया। इसमें ग्रामीणों के साथ ही किसान इंटर कॉलेज, ऊषा पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों से छात्र छात्राएं और शिक्षक पहुंचे। माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। हवन में शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुकेश कुमार, शेखर, कृष्ण कुमार, गौरव वर्मा, प्रियंका, पूजा, तपन विश्वास, आराधना शर्मा, बुद्धसेन वर्मा, जगदीश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सिद्धबाबा स्थल के जीर्णोद्धार की मांग

**गजरौला।** जंगल में स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा देव स्थल पर बुधवार को अखंड रामायण के समापन पर पुजारी सेवादास की ओर से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में साधु संत भी शामिल हुए। संतों ने मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग रखी। मेला परिसर के चारों ओर तार फेंसिंग, सोलर लाइटों की व्यवस्था, मुख्य मार्ग से मंदिर तक आने जाने के रास्ते का सुधार, माला नदी के तट पर स्नान घाट बनाने की भी मांग रखी गई। इस मौके पर किसान नेता बलविंदर सिंह भी मौजूद रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

### बोर्ड परीक्षा और त्योहारों को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**पीलीभीत।** त्योहार और यूपी बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जो कि छह अप्रैल तक रहेगी। मातहतों को भी अलर्ट रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रही है। साथ ही आठ मार्च को महाशिवरात्रि का त्योहार है। इनके बाद होली, गुड फ्राइडे आदि पर्व मनाए जाएंगे। इस दौरान निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए अराजक/असामाजिक तत्वों के सहयोग से समाज में विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों और जन सामान्य के बीच खुराफात कर फिजा बिगाड़ने की कोशिश की जा सकती है। इसे देखते हुए जनपद में धारा 144 लागू कर दी गई है, जो कि छह अप्रैल तक लागू रहेगी।



लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मां सरस्वती का पूजन करते विद्यालय के प्रबंधक सनी दीक्षित और अन्य। • अमृत विचार

### कीर्तन में झूमे भक्त

**पीलीभीत।** श्रीराधामाधव संकीर्तन मंडल की ओर से बसंत पंचमी के मौके पर बल्लभ नगर कालोनी में संकीर्तन किया गया। गणेश वंदना गाइए, गणपति जग वंदन के साथ संकीर्तन की शुरुआत की गई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बड़ी संख्या में भक्त संकीर्तन में शामिल हुए। श्री राधानाम लेकर संकीर्तन का विराम हुआ। इस मौके पर विश्वनाथ चंद्रा, प्रमोद पंत, अतुल अग्रवाल, दीपक गोयल, अवधेश अग्रवाल, राजीव, शशांक, शिवम, अजय, कमल, अटल शुक्ला, अर्पित, शिवम, आकाश आदि रहे।



अशोक कॉलोनी में महिला मंडली ने भी की पतंगबाजी। • अमृत विचार

# वसंत पंचमी की धूम में उड़ी पतंगें... आसमान में छाई सतरंगी छटा

## मंदिर, घर और स्कूलों में हुई सरस्वती मां की आराधना, लोगों ने धारण किए पीले वस्त्र, डीजे की धुन पर जमकर थिरके युवा, चहुंओर गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी की जिले में धूम देखने को मिली। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर पतंगबाजी की, जिससे नीला आसमां सतरंगी छटा से नहा उठा। युवाओं ने छतों पर डीजे लगाकर जमकर धमाल मचाया। पतंगबाजी के शौकीन पूरे दिन पेंच लड़ाते रहे। फूल, गिफ्ट गैलरी और पतंगों की जमकर बिक्री हुई।

बुधवार सुबह वसंत पंचमी के मौके पर लोगों ने स्नान कर घर और मंदिरों में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस दौरान लोगों ने पीले वस्त्र धारण कर पीले चावल आदि पकवान भी बनाएं। जिन्हें मां सरस्वती को अर्पित करते हुए प्रसाद के रूप में वितरण किया। वसंत पंचमी पर पतंगबाजी की परंपरा वर्षों पुरानी चली आ रही है। छतों पर पूरे दिन पतंगबाजी का लुत्फ उठाते दिखाई दिए। छतों पर डीजे पर जोरदार फिल्मी गीत बजते रहे। गांधी स्टेडियम, रेलवे ग्राउंड, देवहा नदी तट, यशवंतरी देवी मंदिर, काला मंदिर, साहूकारा, स्टेशन रोड, अशोक कालोनी, एकता नगर, बल्लभनगर आदि स्थानों पर पूरे दिन पतंगबाजों की टोली जमा रही। इधर, शहर के कोतवाली रोड, पंजाबियान चौराहा, पीली कोठी, धुनों वाले चौराहा समेत विभिन्न इलाकों में स्थित पतंग की दुकानों पर खरीदारी होती रही। इधर, कायस्थ सेवा समिति और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से कायस्थ भवन में मां सरस्वती का पूजन किया गया। पूजन के साथ ही तहरी भोज का आयोजन किया गया। काफी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने पूजन करके पतंग उड़ाई। सेवा भारती की ओर से मां सरस्वती का पूजन और भंडारा हुआ। काशीराम कॉलोनी ईदगाह में मातृ मंडल ने ब्रहमदेवस्थल पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर सूर्यकांत शंखधार, जगदीश, तोताराम गंगवार, ओमप्रकाश, सरयू प्रसाद रस्तोगी आदि सेवाकार्य में जुटे रहे।



स्प्रिंगडेल कॉलेज में पूजन करते कार्यकारी निदेशक डॉ .हेमंत जगोता व अन्य।



अशोक कॉलोनी में युवाओं ने जमकर उड़ाईं पतंगें। • अमृत विचार



वसंत पंचमी पर आसमान में रंगबिरंगी पतंगें। • अमृत विचार

### स्कूलों में भी हुए पूजन, बच्चों ने यज्ञ में डाली आहूति

लॉर्ड कृष्णा स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर विद्यालय की संस्थापिका सीमा दीक्षित, प्रबंधक सनी दीक्षित और प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने मां सरस्वती का पूजन किया गया। इसके बाद विधि विधान से हवन किया गया। इस मौके पर आशा, बीना ,नीरज , शेखर ,प्रिया ,शिवि, चंद्रपाल मौजूद रहे। स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज में कार्यकारी निदेशक डॉ .हेमंत जगोता, प्रधानाचार्य प्रिया आनंद आदि ने मां सरस्वती का विधि विधान से पूजन करने के बाद यज्ञ किया। इस दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डायरेक्टर आरके धवन और प्रधानाचार्य चारू धवन ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती का दीप जलाकर पूजन किया। सुमन कंप्यूटर सेंटर में संस्था निदेशक सौरभ सक्सेना ने छात्र-छात्राओं के साथ मां सरस्वती का पूजन किया। बेहतर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर नेहा राजपूत, अमन मिश्रा, खेमकरन, दीपाली, वर्षा मौजूद रही।




स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करतीं छात्राएं। • अमृत विचार

### माता भगवती देवी गोशाला में हुआ पांच कुंडीय यज्ञ और भंडारा



**पूरनपुर।** नगर के प्रसादपुर गांव में स्थित माता भगवती देवी गोशाला पर पंच कुंडीय हवन का आयोजन हुआ। इसमें गायत्री परिवार ने आहुतियां दीं। इसके बाद गायत्री परिवार ने भजन के माध्यम से गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की बात लोगों तक पहुंचाई। यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर अंनत राम पलिया, लालता प्रसाद शास्त्री, कढेर सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा नगर में भी कोतवाली रोड समेत अन्य स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए तो वहीं श्रीरामलीला मेला मैदान में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### यज्ञ में आहूतियां देकर मां सरस्वती को किया प्रसन्न

**बीसलपुर।** नगर में भी वसंत पंचमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में यज्ञ का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य वीरेंद्र मिश्र और प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल ने यज्ञ किया। इसमें सुरेंद्र अग्रवाल, जनार्दन मिश्रा, हरीश चंद्र शर्मा, दिनेश पाल, रमेश पाल, भगत सिंह मौजूद रहे। इधर, बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति के धनंजय सिंह और प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर यज्ञ किया। साहू जी महाराज पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने वसंत उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां बच्चों ने पतंगबाजी का लुत्फ उठाया।





सुमन कंप्यूटर में मां सरस्वती का पूजन करते छात्र छात्राएं एवं स्टाफ। • अमृत विचार

# धर्मयात्रा में नशा छोड़कर शाकाहार बनने का दिया संदेश



शहर में निकाली गई जीव जागरण धर्मयात्रा में मौजूद अनुयायी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**▸▸ बाबा जयगुरुदेव संगत की ओर से निकाली गई यात्रा**

**अमृत विचार :** शाकाहारी बनने और नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाबा जय गुरुदेव संगत की ओर से बसंत पंचमी के मौके पर बुधवार को शहर में जीव जागरण धर्म यात्रा निकली गई। विभिन्न मार्गों से होती हुई यात्रा मंडी समिति पहुंची, वहां सत्संग और भंडारा हुआ। इसके बाद पूरनपुर, बंडा, खुटार होते हुए लखीमपुर के लिए रवाना हो गई।

जीव जागरण धर्म यात्रा मंगलवार रात बदायूं, बरेली होते हुए पीलीभीत मंडी स्थल पहुंची। बुधवार को बसंत पंचमी की सुबह यह यात्रा शहर में निकाली गई। यात्रा मंडी समिति से नौगवां चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा, टनकपुर रोड होते हुए गौहनिया चौराहा, गांधी स्टेडियम, थाना सुनगढ़ी, नई बस्ती चौराहा, जीजीआईसी रोड, उपाधि महाविद्यालय, रामलीला रेलवे क्रॉसिंग से गुजरी। फिर वापस मंडी समिति पहुंचकर संपन्न हुई।

मंडी समिति स्थल पर जीव जागरण धर्म यात्रा में आए प्रांतीय सेवादार मंगूलाल ने संत बाबा उमाकांत महाराज का संदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि संस्था का नारा है हाथ जोड़कर विनय हमारी छोड़ो नशा बनो शाकाहारी। इसी अभियान के तहत धर्म यात्रा विभिन्न शहरों में निकाली जा रही है। पहले के समय में लोग अपना लोक परलोक बनाने और घर परिवार में संत महात्माओं की दया आशीर्वाद लेने के लिए महीना पन्द्रह दिन या पूनम अमावस्या, तीज त्योहार पर उनके आश्रमों पर जाया करते थे। आम लोगों से लेकर सेठ साहूकार और राजा महाराजा तक सभी संतों के बताए रास्ते पर चलते थे। इसीलिए सभी स्वस्थ और खुशहाल थे। सभी के घरों काम धंधे में बरकत थी। आज की तरह खींचातानी नहीं थी। धीरे-धीरे लोगों का संतों के यहां आना-जाना कम हुआ तो उनके खान-पान और कर्मों में गिरावट आने लगी जिससे उनके जीवन में चारों तरफ बीमारी परेशानियां बढ़ने लगीं।

सत्संग समाप्ति के बाद विशाल भंडारा हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संगत के जिला अध्यक्ष लाला श्रीकृष्ण, फूलचंद, डॉ. प्यारेलाल, विशाल सिंह, बदायूं के सुधीर सिंह, गगनदीप, सतपाल प्रजापति, बरेली से विशाल रस्तोगी, अमर सिंह, शाहजहांपुर के गौरी शंकर, श्याम सिंह, मदनपाल शर्मा, लखीमपुर खीरी के अमृतलाल, बसंतलाल राठौर आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया।

### उर्स ए फनाफिल मुर्शिद का कुल शरीफ आज

**पीलीभीत।** हजरत मोहम्मद उस्मान मियां किबला कदीरी का 12वां तीन दिवसीय सालाना उर्स ए फनाफिल मुर्शिद का कुल शरीफ गुरुवार को होगा। मुफ्ती मोहम्मद हसन मियां कदीरी ने बताया कि सालाना उर्स के पहले दिन नमाज ए फज्र कुरानख्वानी हुई। दूसरे दिन कुरानख्वानी, हुजूर शाहजी मुहम्मद शेर मियां एवं हुजूर लुत्फुल्ला शाह मियां की दरगाह पर चादरपोशी की गई। 15 को बाद नमाज ए फज्र कुरान ख्वानी, सुबह 10 :40 बजे विसाली कुल शरीफ होगा। इसी दिन रात नौ बजे महफिले शमां ( कव्वाली ) का आयोजन किया जाएगा।

# 550 मीटर लंबे श्मशान घाट मार्ग के निर्माण न होने से लोग परेशान

संवाददाता, पूरनपुर


**▸▸ एसडीएम से मिलने पहुंचे व्यापारी, सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार:** शेरपुर चुंगी-श्मशान घाट तक जाने वाले कच्चे मार्ग पर पक्की सड़क बनाने के लिए स्वर्णकार समाज ने एक बार फिर मांग की है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज के लोग बुधवार को तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने एसडीएम राजेश शुक्ला से शेरपुर चुंगी से श्मशान घाट तक पक्की सड़क बनवाने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि मार्ग कच्चा होने से बरसात के समय काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इससे पहले भी लगभग साढ़े पांच सौ मीटर की इस सड़क के निर्माण के लिए स्वर्णकार समाज के लोग अफसर व जनप्रतिनिधियों से मिल चुके हैं लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो सका। इस दौरान पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि एसडीएम को दोबारा सौंपी गई। वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया गया। एसडीएम ने फोन पर बीडीओ अरुण सिंह से सड़क निर्माण से संबंधित वार्ता की और व्यापारियों को जल्द समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नितिन, ओपी वर्मा, विशाल वर्मा सोनू ,सुनील एड, अनुज गुप्ता और योगेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



एसडीएम राजेश शुक्ला को मांगपत्र देते व्यापारी। • अमृत विचार




शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर महिला की मौत, पति ने बच्ची को बचाया

## बहन की शादी में शामिल होने को पति और बच्ची के साथ मायके जा रही थी महिला, हादसे के बाद भीड़ ने जाम लगा किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बहन की शादी में शामिल होने के लिए पति और बच्ची के साथ मायके जाने के लिए निकली विवाहिता की गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर मौत हो गई। बच्ची भी पहिए के नीचे आने वाली थी कि पति ने उसे खींचकर बचा लिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर उसका चालक मौके से भाग गया। हादसे की जानकारी मिलने पर जमा हुए ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस से भी नोकझोंक हुई। करीब एक घंटे बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को बमुश्किल समझाकर शांत कराया। शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


मृतका पूजा।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कैंचुआ निवासी प्रमोद कुमार (24) पुत्र मदनलाल खेती करते हैं। उनकी शादी करीब ढाई साल पहले बरखेड़ा क्षेत्र के पचपेड़ा गांव निवासी पूजा (21) से हुई थी। उनको एक साल की बेटी अन्नया है। बुधवार को पूजा की बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए दंपति एक साल की पुत्री संग बाइक पर सवार होकर दोपहर करीब तीन बजे पचपेड़ा गांव जाने के लिए घर से रवाना हुए। गांव से 500 मीटर दूर पहुंच सके थे कि गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची को गोद में लिए पीछे बैठी पूजा सड़क पर गिर गई और बाइक समेत प्रमोद कुमार कुछ दूर गिर गए। इसी बीच ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची भी कुचलने वाली थी कि पिता ने उसे पकड़कर खींच लिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर उसका चालक भाग गया। हादसे की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में मौके पर काफी ग्रामीण व परिवार वाले जमा हो गए। उन्होंने गन्ना लदे वाहन के चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर बिलसंडा पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ को मनाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस से भी नोकझोंक हो गई। गन्ना वाहन में ओवरलोडिंग को लेकर भी नाराजगी जताई। करीब एक घंटे बाद सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने भीड़ को शांत कराया।


बिलसंडा-बीसलपुर मार्ग पर प्रदर्शन के दौरान लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार


जाम लगाकर विरोध जताते ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस ने लोगों को समझा कर खुलवाया जाम

हादसा बिलसंडा-बीसलपुर मार्ग पर हुआ था। ये यातायात के लिहाज से व्यस्ततम इलाका है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा होकर जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे में आवागमन बाधित रहा। कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतार दोनों तरफ लग गई। पुलिस द्वारा परिवार को मनाने के बाद एक-एक तरफ से वाहनों की आवाजाही शुरू कराई गई। जिसके बाद वाहनों को रफ्तार पकड़ने में आधा घंटा और लग गया।

### खुशियां मातम में बदलीं, मची चीख पुकार

बसंत पंचमी के दिन हुए हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। बहन की शादीको लेकर मृतका पूजा काफी उत्साहित थी। वह कई दिन से शादी को लेकर तैयारी कर रही थी। उसे क्या पता था कि होनी को कुछ और ही मंजूर है। पति और बेटी के साथ वह हंसी-खुशी मायके जाने के लिए निकली थी। पांच सौ मीटर दूरी पर ही हादसा हो गया। बताते हैं कि ट्रैक्टर ट्रॉली की साइड बाइक के हैंडल पर लग गई थी। जिसके बाद वह गिर गए। उधर, मायके में जब पूजा की मौत की खबर पहुंची तो वहां पर भी खुशियां फीकी पड़ गईं। सभी का रोकर बुरा हाल रहा। खुशियों वाले घर में विलाप चीख पुकार मची रही।

### बेटी की शादी के कार्ड बांटने गए पिता की हादसे में मौत

**गजरौला।** बेटी की शादी के कार्ड बांटने आए शाहजहांपुर के ग्रामीण की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। असम हाईवे पर जरा पुलिस चौकी के पास हादसा हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी 55 वर्षीय सुरेंद्र पाल पुत्र मिश्रीलाल खेती करते थे। उनकी बेटी वर्षा की शादी चार मार्च को होनी है। बुधवार को बेटी की शादी के कार्ड बांटने के लिए पीलीभीत आए थे। बाइक से छोटे भाई पवन कुमार और साले धीरेंद्र कुमार संग गजरौला क्षेत्र के ग्राम बानगंज में गए थे। वापस लौटते वक्त शाम करीब पांच बजे जरा पुलिस चौकी के पास शिवनगर लिंक मार्ग से जैसे ही मोटरसाइकिल असम हाईवे पर पहुंची ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर ही सुरेंद्र पाल की मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों मामूली रूप से घायल हुए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो बेटी और दो बेटे हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में चीख पुकार मची रही। एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

> हादसे में एक महिला की मौत हुई है। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। परिजन से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।
> – **अजय कुमार**, इंस्पेक्टर बिलसंडा

## जिला जजी के चतुर्थ श्रेणी कर्मी का निधन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला जजी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामबाबू का बुधवार दोपहर निधन हो गया। वह कई दिनों से अस्वस्थ थे। उपचार के लिए उन्हें बरेली ले जाया गया था , वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के निधन के चलते 15 फरवरी को मुख्यालय के अधिवक्ता सुबह 11 बजे शोक सभा करेंगे। शोक प्रस्ताव पारित करने के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। किसी प्रकार का कोई भी अदालती कामकाज नहीं होगा।

# कमीशन के लिए प्रधान- सचिव में ठनी, सीडीओ ने जांच के दिए आदेश

संवाददाता, पूरनपुर

- सचिव का आरोप-प्रधान ने झूठे मुकदमें में फंसाने की दी धमकी
- प्रधान बोले-सचिव मांग रहे कमीशन विपक्ष के साथ कर रहे राजनीति

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में प्रधान और सचिव का तालमेल बिगड़ते ही घपले-घोटालों की दुर्गंध उठने लगती है। सिकरहाना ग्राम पंचायत का भी यही हाल है। प्रधान खेमकरन और सचिव रत्नेश सोनकर के बीच ठन गई है। प्रधान और सचिव के आरोप-प्रत्यारोप का मामला मुख्य विकास अधिकारी तक जा पहुंचा है।

पंचायत सचिव रत्नेश सोनकर ने प्रधान द्वारा की गई शिकायतों को लेकर सीडीओ को स्पष्टीकरण भेजा है। इसमें कहा कि प्रधान खेमकरन ने 2022-23 में सरकारी आवास के लाभार्थियों से रुपये लिए थे। ये धनराशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई। इस मामले में घुंघचिहाई थाने में सचिव ने एफआईआर दर्ज कराई थी। बताते हैं कि इसी घटना के बाद से प्रधान और सचिव का तालमेल बिगड़ गया। सचिव का आरोप है कि प्रधान ने फर्जी एमबी बनाकर भुगतान का अथक प्रयास किया था, लेकिन उन्होंने गलत भुगतान नहीं होने दिया। अब प्रधान झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। खास बात ये है कि गांव में पंचायत घर का भवन निर्माण का अनुमोदन हो चुका है। एक साल बीत गया लेकिन अब तक पंचायत घर नहीं बन सका है। सचिव का कहना है कि मामले की जांच करा ली जाए। स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। या फिर उन्हें सिकरहाना के बजाय दूसरे गांव की जिम्मेदारी दे दी जाए। इधर, प्रधान खेमकरन ने भी अफसरों को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सचिव 20 प्रतिशत कमीशन मांगते हैं।

विकास कार्यों का भुगतान नहीं करा रहे। विपक्ष के साथ मिलकर गांव में राजनीति कर रहे हैं। इस संबंध में डीएम से शिकायत की जा चुकी है। तत्कालीन डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने आश्वस्त किया था कि दिसंबर तक उनकी पंचायत से सचिव बदल देंगे। इस संबंध में 12 फरवरी को डीएम से दोबारा शिकायत की गई है। बहरहाल, प्रधान और सचिव के बीच करीब दस महीनों से विवाद छिड़ा है। इससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। इस मामले में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीपीआरओ से जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

## सिपाही का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक सिपाही का आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो गया। जानकारी लगने पर कोतवाल ने सिपाही की रिपोर्ट बनाकर एसपी को भेज दी है। मामला दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव मनपुरा से जुड़ा बताया जा रहा है। बुधवार को सिपाही का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल करते वक्त बताया गया है कि सिपाही ने आठ हजार रुपये की रिश्वत ली। ये रिश्वत हाल ही में लेखपाल ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के 13 पेड़ काटकर बेचने के मामले में दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोपी को बचाने के नाम पर वसूली हुई। खास बात है कि कोतवाली परिसर में ही दीवार के पीछे ले जाकर सिपाही वसूली करता रहा। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि सिपाही का रुपये लेते वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। इसकी रिपोर्ट बनाकर एसपी को भेज दी गई है।

# झगड़े में घायल बुजुर्ग की बरेली में मौत, गांव में तनाव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- करेली क्षेत्र के ढकिया जलालपुर में शुक्रवार को हुई थी वारदात

**अमृत विचार:** ढकिया जलालपुर गांव में सड़क पर खड़ी ट्रॉली हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में एक घायल की चार दिन चले इलाज के बाद बरेली के अस्पताल में मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के बाद शव बरेली से गांव पहुंचा तो परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या की धारा बढ़ाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। जिसकी सूचना के बाद सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर चली वार्ता के बाद आश्वासन देकर परिवार को शांत कराया जा सका। मृतक के बेटे ने एक दूसरी तहरीर भी दी है। फिलहाल शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। घटना शुक्रवार रात करेली थाना क्षेत्र के ढकिया जलालपुर गांव में हुई थी। मार्ग पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली हटाने की बात पर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।


मृतक राजेंद्र सिंह।

आरोप है कि फायरिंग भी की गई थी। घटना में एक पक्ष से शील कुमार सिंह, जसवीर, राजेंद्र सिंह (55) पुत्र राजा सिंह, विपिन जबकि दूसरे पक्ष से अजमेर सिंह, गुरमीत सिंह, दिलबाग सिंह, रविंद्र कौर घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर मारपीट की क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की थी। घायल राजेंद्र सिंह को गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया गया था। उनका वहीं पर इलाज चल रहा था और मंगलवार रात राजेंद्र की मौत हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस पर हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आरोप लग रहे थे। इधर, जैसे ही एक घायल की मौत की जानकारी मिली तो पुलिस में खलबली मच गई। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। दोपहर बाद शव गांव पहुंच गया। इस पर परिवार वालों ने फिलहाल शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। उनकी मांग थी कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाए। मृतक के बेटे ने दूसरी तहरीर भी बुधवार को पुलिस को दी। इसमें आरोपियों से परिवार को खतरा बताया। अंतिम संस्कार के लिए इनकार किए जाने का पता चलते ही सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी, एसओ जगदीप मलिक पुलिस बल के साथ पहुंच गए। परिवार से वार्ता कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर देर शाम शांत कराया।

### अपर पुलिस अधीक्षक भी मनाने में जुटे

करेली थाना क्षेत्र के ढकिया जलालपुर गांव में मारपीट में घायल हुए राजेंद्र सिंह की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद परिजन की ओर से की गई गिरफ्तारी की मांग को लेकर भले ही पुलिस आश्वासन दे चुकी है। मगर अभी भी गांव में पुलिस बल तैनात है। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया भी गांव पहुंचे। उन्होंने परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिजन काफी हद तक मान भी गए। मगर अभी गिरफ्तारी को लेकर भी पेंच फंसा है। इसे लेकर जिम्मेदार मंथन में जुटे हैं।

> मामले में पूर्व में ही क्रॉस रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शव का बरेली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजन ने कोई प्रदर्शन नहीं किया। आरोपियों की गिरफ्तारी समेत कुछ मांगें पुलिस के सामने रखी हैं। आश्वासन पर सभी मान गए हैं। गुरुवार को शव का अंतिम संस्कार होगा। पुलिस निगरानी कर रही है।
> – **जगदीप मलिक**, एसओ करेली

# दो माह से वेतन न मिलने पर सामूहिक हड़ताल पर गए कर्मी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल के साथ जेम पोर्टल पर कर्मचारियों की नियुक्ति का करार करने वाले ठेकेदार ने मिल बंदी के हालात पैदा कर दिए हैं। ठेकेदार ने कर्मचारियों का दो महीने का वेतन रोक रखा है। वेतन भुगतान न होने से तंग कर्मचारियों का बुधवार को आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सामूहिक हड़ताल करते हुए मिल बंद कर दी। मिल प्रबंधन और ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी की।


विरोध दर्ज कराते कर्मचारियों को समझाते किसान सहकारी चीनी मिल के जीएम दीप्तिदेव यादव।

दरअसल, चीनी मिल ने इसी पेराई सत्र में जेएम पोर्टल के जरिये कर्मचारियों को रखने का समझौता लखनऊ की फर्म से किया है। आरोप है कि ठेकेदार ने कुछ कर्मचारियों का नवंबर माह तक का वेतन रोक रखा है। दिसंबर और जनवरी महीने का वेतन एक भी कर्मचारी को नहीं मिला है। कर्मचारी रामनरेश पांडेय के मुताबिक मिल में मास्टर रोल और संविदा के करीब 400 कर्मचारी हैं। कुछ की पगार सात-आठ हजार रुपये महीना ही है। वेतन न मिलने से उनके सामने परिवार चलाने का संकट बना है। आक्रोशित कर्मचारी बुधवार को कार्य बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर चले गए। मिल अधिकारी उन्हें समझाने पहुंचे।

- बोले- ठेकेदार ने पैदा कर दिए भुखमरी के हालात, की नारेबाजी अधिकारियों के हाथ-पांव फूले

घंटों मनाने का प्रयास किया लेकिन कर्मचारी काम को तैयार नहीं हुए। जीएम ने जब आश्वस्त किया कि गुरुवार शाम तक हर हाल में भुगतान करवाया जाएगा। काफी मान-मनौव्वल के बाद कर्मचारी काम पर वापस लौटे। चेतावनी दी गई कि अगर वेतन नहीं मिला तो काम नहीं करेंगे। दो महीने के अंतराल में कई कर्मचारी काम छोड़कर घर चले गए हैं। सुशील कुमार जूस अटेंडेंट के पद पर संविदा पर कार्यरत हैं। पिछले 36 सालों से चीनी मिल में काम कर रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद संविदा पर सेवाएं देने लगे। जीएम को अपनी स्थिति बताते हुए उनकी आंखें भर आईं। बोले-साहब दुकानदार उधार राशन नहीं दे रहा है। अधिकांश कर्मचारियों की यही स्थिति है। घर में राशन नहीं है। बच्चों से नजर नहीं मिला पाते हैं।

### ठेकेदार ने जमा कराए 12 लाख

कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने जेम पोर्टल पर पंजीकरण के नाम पर हर कर्मचारी से 3100 रुपये लिए हैं। मिल में 400 कर्मचारी हैं। लगभग 12 लाख रुपये जमा करवाए हैं। किसी भी कर्मचारी को इसकी रसीद नहीं दी। रुपये जमा कराने के लिए तत्कालीन जीएम आरके वर्मा के हस्ताक्षर वाला एक नोटिस जारी किया गया था। जिस पर सभी अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। वो रुपये क्यों लिए ? कोई जवाब देने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों ने पंजीकरण के नाम पर इकट्ठा किए गए लाखों रुपये का घोटाला होने का भी आरोप लगाया।

> कर्मचारियों ने वेतन की समस्या उठाई है। समझाने पर वे काम पर वापस लौट आए। वेतन के संबंध में ठेकेदार से बात की है। ठेकेदार ने मैन्युफैक्चरिंग विभाग के कर्मचारियों को वेतन देने का आश्वासन दिया। बाकी विभागों के कर्मचारियों का भी वेतन भुगतान कराया जा रहा है।
> – **दीप्ति देव यादव**, जीएम-किसान सहकारी चीनी मिल।

## दो पक्षों में मारपीट क्रॉस रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** गाली गलौज के बाद विवाद बढ़ जाने पर दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की क्रॉस एनसीआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव आमडार निवासी बादशाह ने पुलिस को बताया बुधवार सुबह साढ़े सात बजे वह अपने खेत की देखरेख करने के लिए गए थे। इस बीच गांव निवासी मुन्नालाल गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसकी लाठी व डंडे से पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के मुन्नालाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी बादशाह ने मंगलवार रात आठ बजे नशे की हालत में पहले गाली गलौज की। उसके बाद बुधवार सुबह जब वह खेत पर गए थे तो रास्ते में रोक मारपीट की। इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डीएम ने गन्ने से भरी ट्राली की कराई तौल, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गन्ना क्रय केंद्र पर ली किसानों से जानकारी, मॉडल शाप का भी किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** डीएम ने गन्ना क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गन्ने से भरी एक ट्राली का वजन भी करवाया। किसानों से वार्ता कर गन्ना पर्ची आदि की भी जानकारी ली। एक नवनिर्मित उचित दर विक्रेता मॉडल शॉप का भी निरीक्षण किया।

डीएम संजय कुमार सिंह ने बुधवार को एलएच चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र बिठौरा खुर्द प्रथम का औचक निरीक्षण किया। अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद उन्होंने मौजूद किसानों से गन्ना तौल, एसएमएस पर्ची के बारे में जानकारी की। तौल लिपिक से बुधवार को की गई खरीद के बारे में पूछा। साथ ही तौल लिपिक को दैनिक खरीद रजिस्टर पर प्रतिदिन की गन्ना खरीद का लेखा जोखा रखने के निर्देश दिए। क्रय केंद्र के कांटे की स्थिति जानने के लिए उन्होंने गन्ने से भरी एक ट्राली का वजन भी करवाया। इसके बाद डीएम ने मरौरी ब्लॉक के गांव पंडरी में नव निर्मित उचित दर विक्रेता मॉडल शॉप का भी निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि उक्त दुकान का निर्माण मनरेगा के तहत कराया गया। डीएम ने क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी को दुकान में विद्युत कनेक्शन सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए।

## कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि एक जनवरी 2023 को शेरपुर निवासी नजाकत खां ने उनकी गर्दन पर चाकू रखकर दुष्कर्म किया था। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में जब वह शिकायत के लिए निकली तो फिर धमकाया। शिकायत के लिए थाने पहुंची तो उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया गया। लेकिन एफआईआर नहीं लिखी। इस संबंध में एसपी को भी उस वक्त शिकायती पत्र भेजे गए, लेकिन अनसुना कर दिया गया। तब जाकर कोर्ट की शरण ली गई। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि विवेचना में साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अब रात में भी होगी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अधिकारियों को निरीक्षण के फोटो भी ग्रुप पर करने होंगे अपलोड

**अमृत विचार :** इस बार रात में भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। अधिकारियों को निरीक्षण के साथ फोटो भी ग्रुप पर अपलोड करना होगा।

बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इस बार परीक्षा में कुल 44780 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें हाईस्कूल में 24970 और इंटरमीडिएट 19810 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 76 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा में नकल रोकने एवं पेपर लीक की घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने फोकस किया है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के अलावा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर पहले ही नियुक्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दल भी लगाए गए हैं। इससे बाद भी अब पहली बार रात्रिकालीन ड्यूटी रहेगी। सभी केंद्रों पर रात्रि कालीन पर्यवेक्षण अधिकारी किए गए हैं। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि यह व्यवस्था पहली की गई है ताकि नकल को रोका जा सके। इसके लिए टीमें बनाई गई हैं। जिनमें डीआईओएस कार्यालय के स्टाफ के अलावा राजकीय कॉलेज के प्रधानाचार्य और प्रशासन की ओर से तहसील स्तर के अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। जो रात को केंद्रों की निगरानी करने के लिए पहुंचेंगे। बोर्ड परीक्षा का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारी फोटो भी डालना होगा। तभी उसकी उपस्थित भी अनिवार्य होगी।

## तस्कर गिरफ्तार, दो किलो अफीम बरामद

**खुटार, अमृत विचार :** पुलिस ने बनकटा मोड़ पर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर पीलीभीत जिले का है। सीओ पुवायां पंकज पंत ने बताया खुटार पुलिस को बुधवार सुबह चार बजे सूचना मिली कि बनकटा मोड़ पर एक तस्कर खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करके तस्कर को दबोच लिया। पकड़ा गया अभियुक्त अमनदीप निवासी माधोपुर थाना घुंघचिहाई जिला पीलीभीत है। पुलिस ने दो किलो 60 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 26 लाख रुपये बताई जाती है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दो दिन पहले वह पीलीभीत से अफीम खरीदकर लाया था। वह ढाबों के आसपास अफीम बेचता है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार आदि थे।

अच्छी खबर | जनपद के 1960 केंद्रों के अब तक 900 भवन बनकर हो चुके तैयार

# जनपद के 44 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेंगे नए भवन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद के 44 आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवन बनाए जाएंगें। इनके निर्माण के लिए शासन ने विभाग को 88 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। एक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण पर 11.84 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इनके निर्माण में ग्राम पंचायत और मनरेगा से भी राशि खर्च की जाएगी।

बाल एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जिले में वर्तमान में 1960 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर एक लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर एक कार्यकर्ता एवं एक सहायिका की तैनाती है। केंद्रों पर तीन वर्ष से छह साल तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान है। जिले के आंगनबाड़ी केंद्र परिषदीय स्कूल या फिर पंचायत भवनों में संचालित किए जा रहे थे। इधर, शासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए नए भवन बनवाए जा रहे हैं।




- शासन ने बाल एवं पुष्टाहार विभाग को भेजा 88 लाख का बजट
- इन केंद्रों के निर्माण में ग्राम पंचायत और मनरेगा से भी मिलेगी राशि

एक भवन के निर्माण के लिए दो लाख रुपये बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से, जबकि आठ लाख मनरेगा एवं करीब डेढ़ लाख रुपये पंचायत विभाग की ओर से खर्च किए जाते हैं।

**बरखेड़ा ब्लॉक में बनेंगे सर्वाधिक 15 भवन :** विभाग के मुताबिक 1960 आंगनबाड़ी केंद्रों के सापेक्ष अब तक 900 केंद्रों के भवन बनकर तैयार हो चुके हैं।

> शासन की ओर से 44 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण को धनराशि जारी की गई है। कार्यदायी संस्था का चयन होने के बाद निर्माण शुरू कराया जाएगा। अभी तक 900 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन बनाए जा चुके हैं।
> – **युगल किशोर सांगुड़ी**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

इधर अब 44 और आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवनों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने 88 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी है। विभाग के मुताबिक बीसलपुर में चार भवन, बरखेड़ा में 15, मरौरी में 11, बिलसंडा में दो, पूरनपुर में चार, ललौरीखेड़ा में सात एवं अमरिया में एक भवन का निर्माण कराया जाएगा।

# आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 43.79 करोड़ का बजट पास

## समस्याओं का निस्तारण न कराने पर पंचायत सदस्यों ने अफसरों को घेरा, टिप्पणी पर हुई नोकझोंक

जिला पंचायत बोर्ड बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सदस्यों के प्रस्तावों को सुनतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में समस्याओं का निस्तारण न कराने पर सदस्यों ने कुछ अफसरों की जमकर क्लास ली। पेड़ों के कटान संबंधी परमिट को लेकर एक सदस्य और जिला उद्यान अधिकारी के बीच मामूली नोकझोंक भी हो गई। बैठक में अधिकांश अफसरों के मौजूद न रहने पर भी सदस्यों ने तीखी प्रतिक्रिया दी और निंदा प्रस्ताव पारित किए। इससे पूर्व आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 43.79 करोड़ का बजट पारित किया गया।

जिला पंचायत सभागार में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर की अध्यक्षता बोर्ड की बैठक शुरू हुई। अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय खान ने अफसरों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी आबादी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन न हटाने पर खासी नाराजगी जताई। कहा कि यदि जल्द ही हाईटेंशन नहीं हटी तो अधिशासी अभियंता कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। सदस्य असलम जावेद ने बीएसए के पिछली बैठक में अनुपस्थित रहने पर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा।

▶▶ **बोर्ड बैठक से नदारद रहे कई अफसर, निंदा प्रस्ताव किया पारित**

सदस्यों का कहना था कि पिछली बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। इस पर बीएसए ने सफाई देते हुए कहा कि वे उस दिन हाईकोर्ट गए हुए थे। प्रतिनिधि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी को भेजा गया था। सदस्य मोहम्मद मियां ने एक दिव्यांग का अंत्योदय कार्ड निरस्त होने पर जिला पूर्ति अधिकारी से कार्ड निरस्त होने का कारण पूछा। जिस पर उन्होंने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने पौधारोपण को लेकर बजट पास करने पर सवाल खड़े किए। कहा कि जब पौधरोपण की पौध सदस्यों को दी जाती तो बजट क्यों पास कराया जाए। सदस्य रत्नेश गंगवार ने पेड़ों के कटान संबंधी परमिट के बारे में जिला उद्यान अधिकारी से जानकारी चाही। इस पर तो जिला उद्यान अधिकारी कुछ नहीं बोले, लेकिन उन्होंने अपने ऊपर शासन स्तर पर चल रही निलंबन की कार्रवाई का जिक्र शुरू कर दिया। इसी बीच उद्यान अधिकारी द्वारा की गई एक टिप्पणी पर सदस्य भड़क उठे। दोनों के बीच मामूली नोकझोंक भी हो गई। अन्य सदस्यों ने भी उन पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। इसके अलावा सदस्यों ने जिला योजना समिति की एक भी बैठक न होने पर कड़ी आपत्ति जताई। बोर्ड बैठक से नदारद अफसरों को लेकर भी सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताई और निंदा प्रस्ताव पारित किया। इससे पूर्व बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 43,79,29087 रुपये का बजट पास किया गया। जबकि इसके सापेक्ष 43,67,40000 व्यय का बजट पास किया गया। बैठक में सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### अयोध्या धाम जाएंगे सदस्य

अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष से सभी सदस्यों को अयोध्या ले जाने का आग्रह किया। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। कहा कि सदस्यों को अयोध्या ले जाने के लिए तारीख जल्द ही तय की जाएगी।

> बोर्ड बैठक में आठ विभाग के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए हैं। अधिकारियों के अनुपस्थिति से संबंधित विषयों पर चर्चा नहीं हो पाती है। इन अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।
>
> – **डॉ. दलजीत कौर**, जिला पंचायत अध्यक्ष।

## राज्यमंत्री बोले समाप्तवादी पार्टी हो रही सपा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंगलवार रात ललौरीखेड़ा ब्लॉक के ग्राम हंडा में प्रवास किया। गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि 2024 में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाएं। उन्होंने अपने ही दल के एक नेता और विपक्षी गठबंधन पीडीए पर भी निशाना साधा। नाम लिए बिना कहा कि एक नेताजी आते हैं और कहते है कि सांसद/विधायकों एवं आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के बच्चों को बेसिक स्कूलों में पढ़ना चाहिए। जनता को पूछना चाहिए कि नेताजी खुद कहां पढ़े हैं। कहा कि ऐसे नेता अपने बच्चों को बेसिक स्कूलों में पढ़ाना पसंद करे तो वह भी अपने बच्चे को पढ़ने लायक होने पर बेसिक स्कूल में पढ़ाने का वादा करते हैं। राज्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी का नाम देते हुए पीडीए को परिभाषित करते हुए कहा कि पीडीए का मतलब पप्पू-डब्बू एसोसिएशन है।

# मेडिकल कॉलेज में लगाए गए साइन बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव में नवजात की मौत के बाद हुई किरकिरी से सबक लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सुध ली। मरीजों और तीमारदारों की सहूलियत के लिए मेडिकल कॉलेज कैंपस में साइन बोर्ड और हेल्प डेस्क बनाई है। बता दें कि बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी नौ माह की गर्भवती सुमन को

▶▶ **सड़क पर प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर हुई थी किरकिरी**

प्रसव पीड़ा होने पर सात फरवरी को उसके ससुर कृष्णपाल, सास मुन्नी देवी ई-रिक्शा से लेकर पहुंची थी। इस दौरान सड़क पर ही प्रसव करना पड़ा और नवजात की मौत हो गई। हालांकि उक्त मामले की जांच अभी भी चल रही है। इस घटना के बाद डीएम संजय कुमार सिंह ने हेल्प डेस्क बनाने और साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए थे। जिस पर अब काम हो सका है। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य की ओर से परिसर में साइन बोर्ड लगवाए गए हैं। महिला ईकाई के मुख्यद्वार पर तीन साइन बोर्ड लगवाए हैं ताकि मरीजों को महिला अस्पताल की जानकारी हो सके। साथ ही प्रत्येक विभाग के डॉक्टरों के नंबर भी अंकित कराने की तैयारी है। इसके अलावा पुरुष विंग में हेल्प डेस्क बनाई गई है जिसमें 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेगा। ओपीडी के समय में साउंड सिस्टम से अनाउंसमेंट कर मरीजों को आवश्यक जानकारी देगा। इमरजेंसी स्टाफ को भी हिदायत दी है कि एक कर्मचारी गेट पर ही रहेगा। वहां आने वाले मरीज से जानकारी करने के बाद उसे संबंधित स्थान तक भेजने का काम करेगा। अगर अब किसी तरह की लापरवाही मिली तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने इस बात की पुष्टि की है।

# सफरनामा पुस्तक का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▶▶ **तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में होने वाले कार्यक्रम में किया जाएगा सम्मानित**

**अमृत विचार :** जनपद निवासी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर बिलाल मियां द्वारा संकलित वन्यजीव पर आधारित पुस्तक सफरनामा ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। संस्था द्वारा तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में होने वाले कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया जाएगा।


बिलाल मियां।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख निवासी स्वर्गीय मोहम्मद मियां एवं रुखसाना परवीन के पुत्र बिलाल मियां पिछले काफी समय से वन एवं वन्यजीव क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अपने अनुभवों को पुस्तक में उतारने का प्रयास किया। इसी क्रम में उन्होंने वर्ष 2020 में वन्य जीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफरनामा का संकलन किया। इस पुस्तक का विमोचन तत्कालीन वनमंत्री दारा सिंह चौहान ने लखनऊ में किया था। इस पुस्तक को प्रदेश शासन सहित देश के 10 से अधिक राज्यपालों ने अपना स्नेह प्रेषित किया है। इधर, बिलाल द्वारा संकलित की गई सफरनामा पुस्तक का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। उन्हें इसकी जानकारी एवं सर्टिफिकेट संस्था द्वारा भेजे गए ई-मेल के माध्यम से हुई है। उन्होंने बताया कि वन्यजीवन के क्षेत्र में टाइगर रिजर्व पर आधारित अभी तक हिंदी में कोई पुस्तक तैयार नहीं की गई थी। सफरनामा पहली हिंदी पुस्तक है। इसके अलावा तराई आर्क लैंडस्केप पर आधारित पुस्तक सफरनामा भाग दो प्रकाशित की जा चुकी है, जबकि देश के सभी टाइगर रिजर्व एवं हाथी रिजर्व पर आधारित पुस्तक सफरनामा भाग तीन पर काम चल रहा है, जो कि शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी। इससे पूर्व डाक विभाग सफरनामा एवं सफरनामा टीम के सदस्यों पर डाक टिकट भी जारी कर चुका है।

# इजरायल जाएंगें जिले से छह श्रमिक, किया चयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▶▶ **1.38 लाख प्रतिमाह वेतन, 15 हजार बोनस भी मिलेगा**

▶▶ **मेडिकल सहित अन्य प्रक्रिया हुई पूरी, तैयारी शुरू**

**अमृत विचार :** इजरायल जाने के लिए जिले के छह श्रमिकों का चयन किया गया है। इन सभी श्रमिकों की मेडिकल समेत अन्य सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं।

इजरायल की कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनियों ने वहां की सरकार से एक लाख भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद इजरायल ने भारत से श्रमिकों की मांग की थी। केंद्र सरकार के निर्देश पर श्रम विभाग के जरिए इजरायल में काम करने के इच्छुक कामगारों से आवेदन मांगे गए थे।

इसी क्रम में जिले से 70 पंजीकृत श्रमिकों ने आवेदन किए थे। हालांकि इसमें अधिकांश श्रमिकों ने मांगी गई सभी जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई थी। इसमें 35 से अधिक श्रमिकों का डाटा पोर्टल पर फीड किया गया था। 23 से 30 जनवरी के बीच लखनऊ में श्रमिकों का दक्षता परीक्षण किया गया। इसके बाद चयनित श्रमिकों की सूची जारी की गई।

> इजरायल जाने के लिए जनपद से छह श्रमिकों का चयन किया गया है। इनसे संबंधित मेडिकल परीक्षण आदि की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है।
>
> – **प्रियंका वर्मा**, श्रम प्रवर्तन अधिकारी

जनपद से इजरायल जाने के लिए छह श्रमिकों का चयन किया गया है। संभवित इन चयनित श्रमिकों को पहले लखनऊ बुलाया जाएगा। इसके बाद ही इन्हें इजरायल रवाना किया जाएगा। इन श्रमिकों को इजरायल में काम करने के एवज में 1.38 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन और 15 हजार रुपये प्रतिमाह बोनस और फंड देने की बात कही गई है।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी



**पूरनपुर (हजारा)।** भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत विधायक बाबूराम पासवान ने मंगलवार रात हजारा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर वार्ड नंबर 130 में प्रवास किया। जहां चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस बीच भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। भरतपुर पंचायत के प्रधान शमशेर आलम और कोटेदार नईमुद्दीन समेत कई ग्रामीण भाजपा में शामिल हुए। मंगलवार रात विधायक बाबूराम पासवान ट्रांस शारदा क्षेत्र पहुंचे। इससे पहले धनाराघाट पर बसी रामनगरिया में 50 साधु-संतों को कंबल देकर सम्मानित किया। पिछले करीब एक महीने से यहां साधु-संत कल्पवास कर रहे हैं। साधु-संतों से मुलाकात के बाद विधायक शास्त्री नगर पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनके रात्रि प्रवास की व्यवस्था कर रखी थी। विधायक ने ग्रामीणों से जनसंवाद कर योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सूरजभान, दीन दयाल वर्मा, जयचंद , राम प्रवेश, लोहर प्रसाद, राकेश सिंह, श्रवण कुमार आदि भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, विनोद सिंह, विजय सिंह, रोहित मिश्रा, सत्यप्रकाश, प्रधान मनोज सिंह, नंद किशोर, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### पांचवीं बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**पीलीभीत।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवानों की पांचवीं बरसी पर नगरवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क पर एकत्र होकर 40 जवानों के चित्रों पर पुष्प अर्पण किए गए। मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी कांत शर्मा,स्वतंत्र देवल,जगदीश सक्सेना,अन्नू कुमारी, ललिता देवी, हिमानी ,शिवानी,रोहित शर्मा, अनमोल पाण्डेय, निखिल पाण्डेय,वैभव ,प्रजुवल पाण्डेय,वैभव शर्मा,सनी दुलवानी आदि मौजूद रहे।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सम्मानित



**पूरनपुर।** स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जिंदगी बदलने में जुटी महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शक्ति वंदन अभियान चल रहा है। अच्छा काम करने वाले समूह की महिलाओं के लिए मंगलवार को ब्लॉक सभागार में शक्ति सम्मान समारोह रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान ने महिलाओं को सम्मान पत्र वितरित किए। उनके कार्यों की सराहना की। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ अरुण कुमार ने स्वयं सहायता समूहों को संदेश दिया कि बेहतर काम करें। इस मौके पर भाजपा नेता रजनीश पांडेय, महादेव गाईंन, भारतेंदु सिंह, हर्ष प्रधान, नितिन दीक्षित, प्रियंका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अमरिया ब्लॉक क्षेत्र की भी कई महिलाएं सम्मानित



**मझोला।** गांधी प्रेक्षाग्रह में शक्ति वंदन अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, एक्टिव कैडर दीदियों का सम्मान किया। उत्कृष्ट कार्य करने पर अमरिया से ममता, मुन्नी देवी पार्वती,अनीता, नेमवती आदि को सम्मानित किया। इस मौके पर सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीडीओ हवलदार सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी भेजा जेल

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे गढ़ाकला गांव निवासी धर्मेंद्र को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसकी कई दिनों से तलाश कर रही थी। थाना अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी को एक युवक ने उनकी बेटी से छेड़छाड़ की। घर में घुसकर घटना की गई। उस वक्त परिवार वाले घर पर नहीं थे। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी को 11 फरवरी को गांव का ही एक युवक अपने चाचा की मदद से बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने गांव के ही विपिन व उसके चाचा रामचंद्र पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट
Before After
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन हटाने को पत्र सौंपा

**रकेहटी।** प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी से मुलाकात कर नानक नगर निवासी वीरेंद्र कुमार के निर्माणाधीन मकान के ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन को हटाने के लिए पत्र सौंपा। मंत्री टेनी ने बिजली लाइन हटवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमाकान्त मौर्य, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष राम सिंह मौर्य, जिला वरिष्ठ मंत्री पंकज कुमार मौर्य, दया प्रकाश मौर्य, रामप्रताप मौर्य आदि मौजूद रहे।

### ट्राली जुड़े ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर घायल

**बांकेगंज।** मैलानी क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बांकेगंज बाजार में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बुधवार शाम करीब पौने छह बजे 11 वर्षीय गिरेंद्र निवासी निपानिया ग्रंट नम्बर 11 घायल हो गया। जिसे बांकेगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घायल गिरेंद्र ने बताया कि वह अपने साथी बृजेश के साथ साइकिल से बांकेगंज आया था। उसका साथी साइकिल चला रहा था। जब वह बांकेगंज मस्जिद के सामने था। उसी समय दो ट्रालियां जोड़े ट्रैक्टर चपेट में आकर घायल हो गया।

### सडक दुर्घटना में पांच घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड़ निवासी शिखर सिंह पुत्र दीपक कुमार, शाहजहांपुर जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के बसखेडा गांव निवासी शिवम सिंह पुत्र जगपाल सिंह, वर्षा पत्नी शिवम सिंह, दीपक पुत्र शिवम सिंह और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ममरी निवासी अवनीश कुमार पुत्र लक्षमन पाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद वर्षा और अवनीश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विवादित जमीन पर आंबेडकर की प्रतिमा रखने पर दो पक्ष भिड़े, पथराव

## पत्थरबाजी में कई लोग चोटिल हुए लेकिन कोई सामने नहीं आ रहा है, थाना खमरिया के ऊंचगांव में तनावपूर्ण माहौल बनने पर डीएम-एसपी पहुंचे

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


ऊंचगांव में विवादित भूमि पर लगी आंबेडकर प्रतिमा और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार


ऊंचगांव में मौका मुआयना करने पहुंचे डीएम और एसपी। ● अमृत विचार


विवाद शांत कराने के बाद गांव में मौजूद पुलिस और तहसील स्तरीय अधिकारी।

**अमृत विचार:** थाना खमरिया के ऊंचगांव में विवादित जमीन पर डा भीमराव आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया है। बुधवार को मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। स्थिति तनावपूर्ण बनने के बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे के साथ जमकर ईंट पत्थर भी चले। पत्थरबाजी में कई लोग चोटिल हुए हैं लेकिन कोई सामने नहीं आ रहा है।

सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बात कर उन्हें समझाया बुझाकर शांत कराया। विवाद को जन्म देने वाली प्रतिमा को प्रशासन ने हटवा दिया है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है। सोशल मीडिया पर मारपीट और पत्थरबाजी की घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। पुलिस वायरल वीडियो को खंगाल रही है, ताकि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। गांव ऊंचगांव में हरिजन आबादी की भूमि खाली है। इस पर मंगलवार की रात में कुछ लोगों ने आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा रख दी। इसकी जानकारी बुधवार को गांव के अन्य लोगों को हुई तो लोगों में आक्रोश फैल गया।

सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। एक पक्ष के पहुंचने के बाद दूसरा पक्ष के लोग भी एकत्र हो गए। इससे दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। उनमें तीखी झड़प होने लगी। बवाल की सूचना पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की, लेकिन वह अपनी-अपनी बात पर अड़ गए। ऊंचगांव के चमारन पुरवा निवासी रामचंद्र गौतम, मिश्रीलाल, शंभू, सोहन, सुंदर,


खमरिया के ऊंचगांव में विवाद के बाद लगी भीड़ और जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ **दोनों पक्षों में बनी सहमति, जमीन से आंबेडकर की प्रतिमा को हटवाया गया, पुलिस-पीएसी तैनात**

श्यामलाल आदि का कहना था कि 4.11 बीघा जमीन हरिजन आबादी की है। यह जमीन बाबा साहेब आंबेडकर के नाम सोसायटी में दर्ज है, इसलिए बाबा साहेब की मूर्ति रखी गई है। वहीं दूसरे पक्ष के ऊंचगांव निवासी पूर्व प्रधान पृथ्वी पाल वर्मा, विपिन वर्मा, जगदीश वर्मा, राकेश वर्मा, रिंकू वर्मा, बृजेश वर्मा, पप्पू वर्मा का कहना था कि कथित जमीन नवीन परती की है।

गड़बड़ी कर हरिजन आबादी में दर्ज कराई गई है। कथित भूमि का एडीएम के न्यायालय में पट्टा निरस्तीकरण का मुकदमा चल रहा है। यहां दशकों से होली भी जलती आ रही है। मेला भी लगता है। आरोप है कि चमारन पुरवा के रामचंद्र और मिश्री लाल आदि ने जबरन आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा रात में रखी है।

पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी। इस पर प्रशासन हरकत में आ गया। धौरहरा, ईसानगर सहित कई थानों की फोर्स मौके पर भेज दी गई। पीएसी के साथ ही डीएम महेंद्र कुमार सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने दोनों पक्षों से वार्ता की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की सहमति से मामला शांत कराया। वार्ता के दौरान एक पक्ष इस बात पर राजी हो गया कि विधिक प्रक्रिया के तहत अनुमति कराने के बाद मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस पर सहमति बनने पर विवादित जमीन में रखी गई मूर्ति को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया। गांव में पुलिस और पीएसी को तैनात किया है। वहीं, ऊंचगांव में दो पक्षों में हुए विवाद करने वालों को पुलिस वीडियो से तलाश रही है। कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी है। खमरिया चौकी प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि वीडियो देखा जा रहा है, जिनकी संलिप्तता मिली, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

> आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। डीएम और एसपी ने वार्ता करने के बाद मामले को शांत करा दिया है। फिलहाल मूर्तियों को विवादित जमीन से हटवाकर अन्यत्र रखवा दिया गया है। हालात पूरी तरह से सामान्य है। **-पीपी सिंह**, सीओ- धौरहरा।

> ऊंचगांव में विवादित भूमि पर मूर्तियां रखने पर विवाद की जानकारी लगी थी। तहसील प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाल ली थी। मौके पर जाकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है। कोई दोषी पाया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी। **-महेंद्र कुमार सिंह**, डीएम।

> विवादित जमीन पर प्रतिमाएं रखने को लेकर विवाद हुआ था, लेकिन अब सबकुछ शांत हो गया है। मूर्तियों को हटवा दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। **-गणेश प्रसाद साहा**, एसपी।

## पैंकीपुर बवाल में 17 नामजद, 70-80 अज्ञात पर रिपोर्ट

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** खलिहान की भूमि पर कब्जे को लेकर चले आ रहे विवाद में ग्राम पैंकीपुर में आरख और रैदास जाति के लोग आमने-सामने आ गए, जिसमें लाठी-डंडों के साथ जमकर पथराव हुआ था। बवाल में 17 लोगों को नामजद किया गया है। 70 से 80 अज्ञात आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना में एक दरोगा सहित पांच पुलिस कर्मियों ने घायल होने के बाद सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। गांव में पीएसी तैनात है। फिलहाल शांति कायम है। पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

क्षेत्र के ग्राम पैंकीपुर में सोमवार की शाम 8.30 बजे दोनों पक्षों में उस समय बवाल हुआ, जब

▸▸ **पांच पुलिस कर्मियों ने कराया मेडिकल, गिरफ्तारी की तैयारी**

आंबेडकर पार्क से संत रविदास की प्रतिमा उठाकर खलिहान में रख दी गई। इसी खलिहान में 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर आरख पक्ष के लोगों ने श्रीराम का ध्वज फहराया था।

12 फरवरी को बवाल, तब हुआ जब रैदास पक्ष ने आंबेडकर पार्क से संत रविदास की प्रतिमा वहां से हटाकर खलिहान में रख दी और बुद्ध की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया था। दोनों पक्ष के लोगों में मारपीट और पत्थरबाजी हुई, जिसमें दोनों पक्षों से महिला सहित एक दर्जन से अधिक लोग चोटिल हुए थे। उपनिरीक्षक रंजीत सिंह, कांस्टेबल रोमी कुमार, अमित कुमार, रामेंद्र सिंह और कुलदीप सिंह भी घायल हुए। इन सभी ने सीएचसी पर मेडिकल भी कराया है।

**इनके विरुद्ध हुई कार्रवाई**

एसआई रंजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रैदास पक्ष से संजय व मेंहदी कुमार पुत्र राजेन्द्र, फूल सिंह पुत्र बंशीलाल, संदीप कुमार पुत्र राधेश्याम, कमलेश पुत्र जगने, अवधेश पुत्र बालक, मंजू पत्नी आदेश, मालती पत्नी श्रीकृष्ण, राजकुमार पुत्र केशवराम और आरख समाज के सियाराम, सुरेश, सुशील पुत्रगण मिट्ठूलाल, अरविंद पुत्र राम सिंह, राजेश पुत्र दुलारे, अंकित व पंचम पुत्र रामस्वरूप, सोनू पुत्र उजियारे लाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद 17 आरोपियों में रैदास पक्ष के नौ और आरख पक्ष के आठ आरोपी हैं। इसके अलावा 70 .80 अज्ञात आरोपी हैं। प्रशासन ने मौके पर स्थिति नियंत्रण में लेकर संत रविदास की प्रतिमा वापस आंबेडकर पार्क में रखवा दी और श्रीराम का ध्वज भी वहां से हटवाया।

# घरों से छह चंदन के पेड़ काट ले गए तस्कर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खीरी की पुलिस चौकी व कस्बा ओयल में चंदन के पेड़ों पर तस्करों की नजर ऐसी गढ़ी है कि लगातार चंदन के पेड़ तस्कर काट रहे हैं। डेढ़ माह के बाद तस्कर मोहल्ला गढ़ी शिवाला में एक घर के बाहर से पांच और पड़ोस के बगीचे से एक चंदन का पेड़ काट ले गए। पेड़ स्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

मोहल्ला गढ़ी शिवाला निवासी लाल सिंह पुत्र बाबू सिंह बताया कि उनके घर के बाहर लगे बगीचे से मंगलवार की रात चोर पांच चंदन के पेड़ काट ले गए। वह सुबह उठे तो जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच की। वहीं मोहल्ले के शिवकुमार अवस्थी के बगीचे से एक पेड़ तस्कर काट ले गए हैं। पुलिस ने मौके से एक पानी बोतल व सिगरेट जलाने वाला लाइटर भी बरामद किया है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है।

पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। चंदन पेड़ों को काटे जाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी तस्कर तमाम पेड़ काटकर ले जा चुके हैं। सर्दी के शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक चंदन तस्कर सक्रिय रहते हैं।


मौके पर जांच करती ओयल चौकी पुलिस। ● अमृत विचार


चंदन के पेड़ काटने के बाद बची मुड्ढी।

▸▸ **ओयल में लगातार तस्कर काट रहे पेड़, पुलिस सुस्त**

> तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। जल्द ही तस्करों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-सुबोध जायसवाल**, सीओ सिटी।

**अब तक यह हो चुकी घटनाएं**

- 11 दिसंबर 2020 को ग्राम सुंशी निवासी नीरज तिवारी के घर के पास लगा एक चंदन का पेड़ चोरी।
- 22 दिसंबर 2022 को कस्बे के शिवाला गढी में शिवकुमार अवस्थी के घर के बाहर बगीचे से एक चंदन का पेड़ चोरी।
- 21 जनवरी 2022 को लाल सिंह, विक्रम सिंह और शिवकुमार अवस्थी घर के बाहर बगचे में लगे 15 पेड़ तस्कर काट ले गए।
- 26 अगस्त 2022 को कस्बे के मोहल्ला मुराउन टोला में संजीव सिंह के घर से करीब चार सौ मीटर दुर लीची की बाग से एक पेड़ चोरी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती समेत तीन घायल

**अलीगंज, अमृत विचारः** चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मालपुर रोड पर अज्ञात पिकप की बाइक में टक्कर मारने से बाइक पर सवार दंपती सहित तीन घायल हो गये हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मालपुर निवासी रोशन लाल पुत्र हजारी अपनी पत्नी आरती और साली को बाइक पर बैठाकर मालपुर से अमृतापुर अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। वही रसूल पनाह गांव में पीछे से पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें रोशन लाल के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए और सिर में गहरी चोट आ गई। बाइक पर बीच में बैठी पत्नी को हल्की चोट और सबसे पीछे बैठी साली के भी पैर, पीठ पर गहरी चोट आई है। राहगीरो ने तुरंत 112 कॉल करके एम्बुलेंस को बुलाया और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तीनों को ओएल ड्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# दो बार बंधक बनाकर लूटपाट...फिर हुई मुठभेड़, पुलिस ने रिपोर्ट चोरी में लिखी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **9 फरवरी को तीन घरों में लूटपाट की अभी तक दर्ज नहीं की है रिपोर्ट**

▸▸ **पुलिस का एफआईआर में खेल भागे बदमाशों का सुराग नहीं**

**अमृत विचार:** खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में बदमाशों ने पहले डकैती डाली और नगदी समेत हजारों रुपये का सामान लूट ले गए। इस वारदात के 72 घंटे के बाद उन्हीं बदमाशों ने फिर लूटपाट की योजना बनाई और लूटपाट करने पहुंच गए। परिवार को बंधक बना लिया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दी। मुठभेड़ में गोलियां चलीं। इतनी बड़ी वारदातें होने के बाद पुलिस एफआईआर में खेल कर गई। पुलिस ने लूटपाट की वारदात की एफआईआर को चोरी में दर्ज कर लिया।

बदमाशों का 24 घंटे के बाद भी सुराग नहीं है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। मोहल्ला हनिया टोला निवासी गुड्डू गुप्ता के घर सोमवार की आधी रात के बाद चार बदमाश सीढ़ी लगाकर घर में घुसे थे और लूटपाट शुरू कर दी। जेवर न बताने पर उसकी पत्नी माया देवी को थप्पड़ मारे। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने से तीन बदमाश गोलियां चलाते हुए भाग निकले थे। पुलिस ने जवाबी फायर किया था। छत से कूदे एक बदमाश को पुलिस ने दबोच अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी हालत चिंताजनक बनी है। लूटपाट को छुपाने के लिए इस मामले में पुलिस ने बड़ा खेल कर दिया। पुलिस ने मनमानी तहरीर लिखवाई और मकान मालिक गुड्डू की तरफ से घर में घुसकर चोरी करने की रिपोर्ट अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज की है।

घटना के बाद मकान मालिक की पत्नी माया देवी का कहना था कि सभी बदमाश सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए थे। अगर दर्ज की गई रिपोर्ट पर गौर करें तो बदमाश घर का अंदर से बंद गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए थे। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने अपने दरवाजे का ताला अंदर से बंद किया था। समय करीब तीन बजे मेरे घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चार व्यक्ति अज्ञात मेरे घर में घुसकर बक्से में रखे एक जोड़ी पायल चोरी कर ली। खटपट की आवाज सुनकर नींद टूट गई। तब चुपके से पुलिस को फोन से बताया। पुलिस के आने पर चारों लोग भाग गए। उधर पुलिस ने 9 फरवरी की रात गुड्डू गुप्ता समेत तीन घरों में हुई लूटपाट की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर जहां सवाल उठ रहे हैं। वहीं बदमाशों के हौंसले भी बुलंद हैं। पुलिस भागे बदमाशों की पहचान तो कर ली है, लेकिन अभी उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय।

> बदमाशों की पहचान हो गई है, जिनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। पूर्व में हुई तीनों घटनाओं की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। **-लाल बहादुर मिश्रा**, कार्यवाहक एसओ।

## 100 दुकानदारों व मकान मालिकों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** एलआरपी चौराहे से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके साथ ही जद में आने वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है।

पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एक ने रेलवे स्टेशन से संकटा देवी चौराहे तक करीब 100 दुकानदारों व गृहस्वामियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दी है। साथ ही मकानों पर निशान लगाए गए हैं। अधिशासी अभियंता कौशल किशोर झा ने बताया कि कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाना प्रारंभ कर दिया है। जो लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, तो वहां पर प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# बंटवारे के विवाद में बेटे ने मां-बाप को जमकर पीटा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **थाना सिंगाही के गांव मोतीपुर में जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद**

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही के गांव मोतीपुर में जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। इससे नाराज बेटे ने पिता और मां की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि गन्ना काटने वाली धारदार बगोड़ी से हमला किया, जिससे दोनों घायल हो गए।

पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। गांव मोतीपुर निवासी सोबरन ने बताया कि घर की जगह और खेत का बंटवारा करने के लिए पुत्र सर्वेश दबाव बना रहा था। उन्होंने इस बात का विरोध किया तो सर्वेश भड़क गया और लाठी से मारपीट करने लगे। सर्वेश की मां जब बीचबचाव करने लगी तो उनको भी जमकर पीटा। आरोप है कि घर में रखी गन्ना काटने वाली धारदार बगोड़ी से प्रहार किए, जिससे सोबरन और उसकी पत्नी घायल हो गई। घायल सोबरन ने आरोपी पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ जेबी सिंह ने बताया कि घायल दंपती को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जंगल के रास्ते सवा लाख के कपड़े की तस्करी

संवाददाता, पलिया कलां

▸▸ **बरामद कपड़े की गांठों समेत चार महिलाओं को कस्टम के सुपुर्द किया**

▸▸ **दुकानदार ने पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाया**

**अमृत विचार:** गौरीफंटा पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर बनगवां मंडी से करीब सवा लाख का कपड़ा लेकर नेपाल जा रहीं चार महिलाओं को पकड़कर कस्टम के सुपुर्द किया है। हालांकि पुलिस पर गुडवर्क दिखाने के चक्कर में कार्रवाई करने के आरोप लग रहे हैं। कपड़ा कारोबारी पंकज गुप्ता ने सोशल मीडिया पर अपना बयान वायरल कर पुलिस पर मुख्य मार्ग से महिलाओं को कपड़ा ले जाते पकड़ने का आरोप लगाया है।

जांच में पक्के बिल भी मिले, लेकिन पुलिस ने कहानी गढ़ते हुए अवैध मार्ग से सामान ले जाते दर्शाकर महिलाओं को फंसा दिया है। गौरीफंटा कोतवाली उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि अधीनस्थ सिपाहियों के साथ कपड़ा लेकर नेपाल जा रहीं चार महिलाओं को रोककर पूछताछ की, लेकिन महिलाएं मौके पर कपड़ों का न तो कोई बिल दिखा सकीं और न पूछे गए संबंधित प्रश्नों का सही उत्तर ही दे सकीं। बरामद कपड़े की कीमत करीब सवा लाख रुपये है। बताया कि कपड़े का सीजर बनाकर कस्टम के सुपुर्द कर दिया।

उधर, दोपहर के बाद कपड़ा कारोबारी पंकज गुप्ता ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर पुलिस पर महिलाओं को फांस देने का आरोप लगाया है, जिससे महकमे में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कपड़ा कारोबारी वायरल वीडियो में कह रहा है कि महिलाएं जंगल से नहीं, बल्कि वैध मार्ग से पक्के बिल लेकर बाइक से जा रही थीं। बाइक चालकों को छोड़ दिया और महिलाओं को जंगल के अवैध मार्ग से सामान ले जाते दिखाकर सीज कर दिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिलाएं और बरामद कपड़े की गांठें। ● अमृत विचार

> सभी आरोप निराधार हैं। नेपाली महिलाओं को चंद पैसों का लालच देकर सामान लाने और ले जाने में लगा दिया जाता है। इसके पीछे बड़े कारोबारी शामिल है, जिन पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। **-अवधेश यादव**, प्रभारी निरीक्षक, गौरीफंटा।

## फिर गेहूं के खेत की मेढ़ पर टहलता दिखा बाघ

**ममरी/रोशननगर (खीरी), अमृत विचारः** मोहम्मदी महेशपुर रेंज के वन कर्मियों ने ग्राम रामपुर डाटपुर निवासी 45 वर्षीय मजदूर छैलबिहारी पर हमला करने वाले बाघ को जंगल में खदेड़ने के लिए कई घंटे पेट्रोलिंग की, लेकिन बाग गन्ने में छिपा रहा। बाघ अब गेहूं खेत की मेढ़ पर दिखाई दिया है। जिला चिकित्सालय में भर्ती घायल मजदूर की हालत खतरे से बाहर है। शनिवार को पूर्व प्रधान हंसराम के खेत में गन्ने की छिलाई करते वक्त बाघ ने रामपुर निवासी 45 वर्षीय मजदूर छैलबिहारी पर हमला करके गंभीर घायल कर दिया था। इलाज जिला चिकित्सालय में हो रहा है। हालत खतरे से बाहर है। इधर महेशपुर रेंज के वनकर्मियों ने बाघ को जंगल में खदेड़ने के लिए कई घंटे पेट्रोलिंग की।

# गन्ना भरा ट्रक रोड पर पलटा पलिया रोड पर लगा जाम


चांदपुर मोड़ पर पलटे ट्रक का बिखरा गन्ना। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

▸▸ **ट्रक चांदपुर मोड पर ओवरटेक की वजह से बीच रोड पर पलटा**

**अमृत विचारः** खुटार की तरफ से पलिया चीनी मिल जा रहा गन्ने भरा ट्रक चांदपुर मोड पर ओवरटेक करते समय बीच रोड पर पलट गया। पड़ोस में खड़ी डीसीएम में सो रहा ड्राइवर बाल बाल बच गया लेकिन इस हादसे के बाद कई घंटे मैलानी से पलिया रोड पर जाम लगा रहा।

जिससे आने-जाने वाले चौपहिया वाहनों की कतार लग गई। बुधवार सुबह खुटार से गन्ना भरकर पलिया चीनी मिल जा रहा ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक चांदपुर मोड पर ओवरटेक करते समय बीच रोड पर पलट गया। रोड से नीचे डीसीएम खड़ी कर ड्राइवर डीसीएम के अंदर सो रहा था। गन्ने भरा ट्रक डीसीएम के ऊपर ही पलट गया। डीसीएम पर ट्रक पलटने से डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गन्ने का ट्रक पलटते ही ड्राइवर और क्लीनर कूद कर भाग गए।

## अलग-अलग हादसों में महिला की मौत, दो की हालत गंभीर

**निघासन-खीरी, अमृत विचार:** बस्ती पुरवा गांव निवासी कमलेश व मुकेश गांव बल्लीपुर में शादी समारोह से अपने घर वापस आ रहे थे। पलिया रोड पर चूरा टांडा पुलिया के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें लखीमपुर रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर लखनऊ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मुकेश (25) पुत्र बांके की मौत हो गई, जबकि कमलेश की हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरी घटना में सुहागा (48) पत्नी कल्लू निवासी चिड़ीमारन पुरवा रकेहटी निवासी माया देवी के साथ बनबीरपुर में शादी समारोह में गयीं थीं। बुधवार शाम सिंगाही रोड पर गांव सहते पुरवा मोड़ के पास ऑटो से उतरकर सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे ट्रक ने सुहागा को रौंद दिया, उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।

## एसएसबी की पशु चिकित्सक ने देखे 100 से अधिक पशु



पशुओं को दिखाकर दवा लेते पशुपालक।

**पलिया कलां, अमृत विचार:** आदिवासी थारू ग्राम भूड़ा में सशस्त्र सीमा बल की ओर से पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें एसएसबी की द्वितीय कमान अधिकारी पशु चिकित्सक डॉ. शालिनी परिहार ने अधीनस्थ स्टाफ के साथ 100 से अधिक पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पशुपालकों को दवा दी। सीमावर्ती ग्रामीणों के हित के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। किसानों, पशुपालकों, बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं आदि को आर्थिक रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गाय, भैंस, बकरी आदि पशुओं का दूध बढ़ाने के लिए पशुपालकों को चिकित्सा शिविर में दवाएं बांटीं। एसएसबी इंस्पेक्टर महेंद्र लाल के अतिरिक्त दीपक दहिया, अरविंद कुमार, अनि, राजेंद्र मौजूद रहे।

## आखिर कब लगेगी ओवरलोड वाहनों पर रोक



**मैलानी।** नगर की सड़कों पर ओवरलोड, ओवरहाइट वाहनों पर जिम्मेदार अधिकारी अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। यह ओवरलोड वाहन रात दिन सड़कों पर फर्राटा भरते हैं। ओवरलोड वाहनों से जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण आए दिन हादसे भी होते रहते हैं।



जयपुरिया स्कूल में हवन पूजन करते हुए। • अमृत विचार



नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चे को श्यामपट पर लिखवा पूजन कराती प्रबंध निदेशक।



सई नदी उद्गम स्थल पर वसंत उत्सव मनाती महिलाएं। • अमृत विचार

# स्कूलों में मां शारदे का पूजन कर मनाया वसंतोत्सव, पतंगें भी उड़ीं

## उपनयन संस्कार से लेकर पाटी पूजन तक के हुए आयोजन, अजमानी पब्लिक स्कूल में प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। स्कूल-कॉलेजों में हवन पूजन हुए। देवकली तीर्थ स्थित संस्कृत महाविद्यालय में उपनयन संस्कार का आयोजन हुआ। अजमानी पब्लिक स्कूल में समारोहपूर्वक वसंत पंचमी पर्व मनाया। नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों से श्यामपट पर लिखवाकर विद्यालय की प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी ने पाटी पूजन कराया। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन के साथ हवन पूजन किया।

अजमानी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सीए हरबंस सिंह अजमानी, प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी, प्रशासक जितेंद्र प्रताप सिंह एड. एवं प्रधानाचार्या डॉ. मंजू पाठक ने किया। बच्चों ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना की। गीत, भजन व कविताएं सुनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या डॉ. मंजू पाठक मौजूद रहे।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पाटी पूजन कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर/शिशु वाटिका में सरस्वती का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य यजमान कदम नागर सपत्नीक, वरुण गुप्ता सपत्नीक एवं प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने हवन कार्यक्रम किया। उधर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सरस्वती संस्कार व मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार शुक्ल व प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में संस्कृत शिक्षक अभिनव के निर्देशन में बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। पतंग महोत्सव का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता और प्रधानाचार्य बिनोद तिवारी ने बच्चों को प्रोत्साहन किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मनायी गयी वसंत पंचमी



**पलिया कलां।** श्री तेज महेंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया। 51 नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यारंभ एवं मात्र-पितृ पूजन संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का रंभ पलिया नगर कोतवाल विवेक उपाध्याय एवं नगर पालिका अध्यक्ष केबी गुप्ता ने। हवन-पूजन कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष चांद कुमार जैन, प्रबंधक राम बचन तिवारी, सह प्रबंधक शिवपाल सिंह, विजय नारायन महेन्द्रा, प्रबंध समिति सदस्या सुहावनी शुक्ला, राजीव शुक्ल एड, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, निरंकार बरनवाल, सक्षम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनायी वसंत पंचमी



**मितौली।** युग चेतना विस्तार ने केंद्र सहित तहसील क्षेत्र में वसंत पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमें ब्लॉक के समस्त कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। मुख्य यजमान लाल बहादुर सिंह सेंगर ने कलश पूजन, लालजी प्रसाद वर्मा ने परम पूज्य गुरुदेव और माताजी एवं मास्टर कामता प्रसाद मौर्य ने गायत्री माता का पूजन किया। इस मौके पर डॉ. सुभाष, डॉ. रामबरन और जगदम्बा प्रसाद ने वसंत पर्व और ज्योति निर्माण दिवस का महत्त्व समझाया। वहीं कस्बा मितौली स्थित बराती लाल गोमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर में हवन पूजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में प्रवेश करने वाले नये विद्यार्थियों का विद्यारम्भ संस्कार पोथी पूजन अर्चन आचार्य रामजी पांडेय ने कराया गया।

### सई नदी के उद्गम स्थल पर मनाया वसंत उत्सव

**पसगवां।** वसंत पंचमी पर डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन ने पानी (पीपुल एक्शन फार नेशनल इंटीग्रेशन) के साथ सई नदी के उद्गम स्थल और निकटवर्ती गांव अल्लीपुर, पनई और मस्तीपुर में वसंत उत्सव मनाया। वसंत का रंग, सई का संग थीम पर आयोजित सांस्कृतिक उत्सव के माध्यम से ग्राम वासियों और बच्चों को जल संरक्षण एवं सई नदी के महत्व के प्रति जागरूक किया। ग्राम वासियों ने जल संरक्षण के महत्वपूर्ण संदेशों को साझा किया। बच्चों ने रैली के माध्यम से जल संरक्षण के लिए सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। करीब 500 पतंगें बच्चों को बांटीं। बच्चों ने पतंग पर जल संरक्षण से जुड़े वाक्य लिखकर न केवल मनोरंजन बल्कि जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। सई नदी के किनारे महिलाओं ने लोग संगीत के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर अल्लीपुर, पनई एवं मस्तीपुर के ग्राम प्रधान, डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन की टीम एवं पानी संस्थान से परियोजना प्रबंधक आकाश सुनारतिया, परियोजना इंजीनियर विकास पटेल और फील्ड कोऑर्डिनेटर आदि मौजूद रहे।

## आर्य कन्या महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया वसंतोत्सव

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

▸▸ निराला एवं बंशीधर शुक्ल जयंती भी मनाई

**अमृत विचार:** आर्य कन्या महाविद्यालय में बुधवार को वसंतोत्सव, निराला एवं पंडित बंशीधर शुक्ल जयंती का आयोजन किया गया। छात्राओं ने कवि निराला और बंशीधर शुक्ल की कविताओं का पाठ किया।

प्राचार्य प्रो वीणा गोपाल मिश्रा के निर्देशन में हवन हुआ। जिसके बाद संगीत विभागाध्यक्ष शिवांगी सक्सेना के निर्देशन में माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ गीता शुक्ला ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और बंशीधर शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रज्ञा, नैना, पूर्णिमा व स्तुति ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। नैना स्तुति ने राग बागेश्वरी की प्रस्तुति दी। सभी के साथ तबले पर शिवांगी सक्सेना ने संगत दीं। प्रिया, आंचल, लक्ष्मी, सिमरन, भावना ने सरस्वती वंदना नृत्य की प्रस्तुति दीं। मंतशा प्रियांशी ने बंशीधर शुक्ल की कविता का पाठ किया। हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुशीला देवी ने बंशीधर शुक्ल पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। छात्रा लक्ष्मी ने शिव तांडव पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा निधि वर्मा ने निराला की कविता का पाठ किया। कृति ने नृत्य की प्रस्तुति दीं। मालती प्रजापति ने काव्य पाठ किया। भावना ग्रुप ने आयी झूम के बसंत गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन छात्रा अनामिका शर्मा ने किया। डॉ सुशीला देवी ने आभार व्यक्त किया। डॉ शशिप्रभा वाजपेयी, डॉ सुशीला देवी, डॉ रेखा पांडेय, डॉ सुरचना त्रिवेदी, अर्चना सिंह, शिवांगी सक्सेना, डॉ प्रीति सिंह, सविता शुक्ला, वीना चौरसिया, डॉ राखी चौहान मौजूद रही।

## जीआईसी में केंद्रीय मंत्री ने छात्रों को परीक्षा किट व प्रवेश पत्र बांटे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को समागम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणा, शुभकामनाएं एवं उत्साह वर्धन बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम हुआ। कक्षा 10 व 12 के छात्रों को परीक्षा किट व प्रवेश पत्र वितरित कर आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टैनी और विशिष्ट अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह ने परीक्षा में अच्छे अंक कैसे लाएं विषय पर विस्तार पूर्वक छात्रों को समझाया। इसके बाद मंत्री व विधायक ने छात्रों को परीक्षा किट व प्रवेश पत्र वितरित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का उत्साह वर्धन होता है।

## सात बा स्कूलों में अगले सत्र से हाईस्कूल की पढ़ाई

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गरीब परिवार की बालिकाओं के लिए अच्छी खबर है कि अगले शिक्षा सत्र 2024-25 से सात ब्लॉकों बेहजम, पसगवां, नकहा, मोहम्मदी, बिजुआ, बांकेगंज और निघासन के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में हाईस्कूल तक पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी, क्योंकि इनके आवासीय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वर्तमान में कक्षा आठ तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। प्रत्येक विद्यालय में 100 बालिकाओं को कक्षा नौ में प्रवेश दिया जाएगा।

जनपद में कुल 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं। अभी तक इनमें कक्षा छह से आठ तक पढ़ाई हो रही है। छात्राओं की संख्या अधिकतम 100 निर्धारित है। पिछले वर्षों में राज्य सरकार ने कस्तूरबा विद्यालयों को उच्चीकृत करने का निर्णय लिया था, जिसके बाद विद्यालयों के आवासीय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था। जिन विद्यालयों के पास भूमि थी, उनमें समय से निर्माण कार्य चालू हो गया था। कुछ विद्यालयों को अभी भी भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है, जिससे उनमें आवासीय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

वहीं ब्लॉक बेहजम, पसगवां, नकहा, मोहम्मदी, बिजुआ, बांकेगंज और निघासन में आवासीय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जिससे इनमें अगले शिक्षा सत्र 2024-25 से हाईस्कूल तक पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि नए शिक्षा सत्र से प्रत्येक विद्यालय में कक्षा नौ में 100 छात्राओं को प्रवेश दिए जाएंगे। विज्ञान वर्ग की पढ़ाई से शुरूआत की जाएगी। शिक्षकों की भर्ती के संबंध में अभी दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं, जिससे वर्तमान में कार्यरत स्टाफ ही छात्राओं को पढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड से मान्यता ली जाएगी, जिसके लिए शीघ्र ही कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का नवनिर्मित भवन।

▸▸ विद्यालयों के आवासीय भवन का निर्माण कार्य हुआ पूरा

▸▸ प्रत्येक विद्यालय में 100 बालिकाओं को मिलेगा प्रवेश

> 2024-25 से सात कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में हाईस्कूल की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। पहले कस्तूरबा विद्यालयों से कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को प्रवेश दिए जाएंगे। इसके बाद रिक्त सीटों पर बाहरी छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।
>
> –**प्रवीण कुमार तिवारी**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## आर्य कन्या इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी दिन बुधवार को 105 वें स्थापना दिवस व पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वाधिक अंक प्राप्त और बोर्ड परीक्षा परिणाम की मेरिट में आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष के तौर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि सीडीओ अनिल कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह और कमलेश कुमार शुक्ला (जिला संयोजक भाजपा) की उपस्थिति रही। प्रवक्ता जसमती के निर्देशन में छात्राओं ने बैंड के सुर ताल के साथ अतिथियों का शानदार स्वागत और अभिनंदन किया। शिक्षिका रश्मि सिंह, एकता पटेल ने मंच सजाया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन शिक्षिका क्षमा टंडन ने किया। कीर्ति शेखर की सरस्वती वंदना, लावनी, अपर्णा का मिशन चंद्रयान गीत और मंचल गुप्ता का गुरु वशिष्ठ का ज्ञान जसमती का विशेष प्रदर्शन, मीरा देवी का बसंत गीत सराहनीय रहा। छात्राओं के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में छात्राओं ने मनोयोग और उत्साह दिखाते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रवक्ता अर्चना वर्मा, कृष्णा चंद्रशेखरन, सुषमा गौतम, वंदना उत्तम, सीमा यादव, जयश्री सक्सेना, अर्चना गुप्ता सहित लिपिक हिमांशु भारद्वाज, अजय श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता मौजूद रहे।



आर्य कन्या इंटर कॉलेज वार्षिकोत्सव पर सम्मानित मेधावी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

## नौनिहालों के लिए वितरित किए भोजन पात्र

**निघासन, अमृत विचार :** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने बुधवार को नगर पंचायत में लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित 21 आंगनबाड़ी सेंटरों के नौनिहालों को भोजन करने के लिए थाल व गिलास सहित चम्मच वितरित किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, कनकपाल सिंह राणा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, दयाशंकर मौर्य आदि मौजूद रहे।

## बाघ के हमले में घायल को नहीं मिली मदद

**ममरी, अमृत विचार:** मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के रामपुर डाटपुर गांव में पूर्व प्रधान हंसराम के खेत में 10 फरवरी को गन्ने की छिलाई करते वक्त बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए 45 वर्षीय मजदूर छैलबिहारी के परिजनों को वन विभाग से सहायता राशि के नाम पर अभी तक एक रुपये का धेला भी नहीं मिला है। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में आर्थिक दिक्कतों के बीच हो रहा है। रेंजर नरेशपाल सिंह, फॉरेस्टर शिवकुमार कश्यप का कहना है कि पीड़ित परिजनों से बैंक पासबुक, आधार कार्ड की फोटो कॉपी और प्रार्थना पत्र मांगा गया है। कागज उपलब्ध होने पर फाइल लखनऊ भेज कर मुआवजा राशि दिलाई जाएगी। इलाज के लिए सहायता राशि दी जाएगी।

## छात्रों के चयन में जिले को मिला मंडल में तीसरा स्थान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ योजना में जिले के 54 छात्रों के आइडिया चयनित हुए हैं

▸▸ इंस्पायर अवार्ड मानक योजना: छात्रों के खातों में भेजी जा रही धनराशि

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड मानक योजना-2023-24 का परिणाम जारी हो गया। इसमें जिले के 54 छात्रों के आइडिया चयनित हुए हैं। चयन के मामले में लखीमपुर मंडल में तीसरे स्थान पर है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना में छात्रों में नई सोच विकसित है।

जिले से बेसिक और माध्यमिक विभाग के 1600 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसमें से 54 छात्रों के आइडिया का चयन किया गया। इस साल पूरे प्रदेश से 1940 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है, जिसमें सर्वाधिक 350 बाल वैज्ञानिक लखनऊ मंडल के हैं। इसमें नंबर एक पर लखनऊ, दूसरे नंबर पर हरदोई और तीसरे नंबर पर लखीमपुर खीरी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चयनित बाल वैज्ञानिकों को केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से प्रति छात्र प्रति मॉडल तैयार करने के लिए दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

| जनपदवार चयनित बाल वैज्ञानिक | |
|---|---|
| 1. लखनऊ | 141 |
| 2. हरदोई | 61 |
| 3. लखीमपुर खीरी | 54 |
| 4. सीतापुर | 40 |
| 5. उन्नाव | 32 |
| 6. रायबरेली | 22 |

### किस जिले से कितने स्कूलों और बच्चों ने कराए नामांकन

- हरदोई के 787 स्कूलों से 3338 नामांकन
- लखनऊ के 441 स्कूलों से 1764 नामांकन
- लखीमपुर खीरी के 471 स्कूलों से 1600 नामांकन
- उन्नाव के 344 स्कूलों 1558 नामांकन
- सीतापुर के 469 स्कूलों से 1302 नामांकन
- रायबरेली के 151 स्कूलों से 565 नामांकन
- लखनऊ के 6 जनपदों के 2663 स्कूलों से 10127 नामांकन

> इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत छात्रों को नई सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके लिए छात्रों के नए-नए आइडिया पर मॉडल तैयार कराए जाते हैं, जिन्हें बनाने के लिए शासन से दस हजार रुपये की धनराशि दी जाती है।
>
> –**डॉ. दिनेश कुमार**, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी।





## दुधवा पार्क के पर्यटन परिसर में पर्यटकों ने किया योगाभ्यास


योगाभ्यास करते पर्यटक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की ओर से दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन परिसर में योग शिविर लगाया गया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा एवं पुष्पेन्द्र कुमार ने पर्यटकों एवं स्टॉफ को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उत्तानमंडूकासन, शशकासन, भुजंगासन आदि योगासनों के साथ कपालभांति, अनुलोम विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम कराया। अष्टांग योग के यम-नियम, आहार विहार के साथ योग से होने वाले लाभकारी नियमों के बारे में बताते हुए जीवन शैली में योग अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मुनींद्र प्रताप, डीडीओटी रंगा राजू, टीआर प्रशांत प्रियदर्शी, रेंजर रितेश पटेल, विकास वर्मा, राजपाल सिंह, निर्भय प्रताप सिंह, नवीन दिवाकर, अभिषेक सिंह, अयूब खान, विमलेश कुमार, साजिद खान उपस्थित रहे।

# स्वच्छताः कहीं डस्टबिन गायब तो कहीं बिना स्टैंड के इधर-उधर लुढ़क रहे

## नगर पंचायत का हालः खाली प्लाटों में लगे कूड़े के ढेर, नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर सभासद तक वार्डों की सफाई व्यवस्था पर नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता, निघासन (खीरी)

**अमृत विचार :** नगर पंचायत की ओर से नगर को साफ सुथरा रखने के लिए जगह-जगह डस्टबिन लगवाए गए थे, लेकिन कुछ महीनों में ही इनकी हालत खस्ताहाल हो गई। अधिकांश डस्टबिन गायब हो गए और जो बचे वे टूटे पड़े हैं या फिर गिरकर लुढ़क रहे हैं। वहीं खाली प्लाटों के कूड़े के ढेर लगे हैं।

नगर के वार्ड अंबेडकर नगर, शास्त्रीनगर, इंद्रपुरी, अशोकनगर, गांधीनगर, नानकनगर, कृष्णानगर आदि मोहल्लों में डस्टबिन लगवाए गए थे। वर्तमान में कहीं डस्टबिन के स्टैंड लगे हैं और कहीं डस्टबिन गायब हैं। स्टैंड नहीं होने से गिरकर लुढ़क रहे हैं। कुछ वार्डों में डस्टबिन नहीं लगे हैं। इधर फाइलों में तो स्वच्छ भारत मिशन अभियान कैद है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां हो रही है। कस्बा निवासी अध्यापक संजय शर्मा ने बताया कि उनके गांधी नगर मोहल्ले में गीला और सूखा कूड़ा रखने के लिए दो डस्टबिन लगाई गई थीं, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते एक डस्टबिन गायब हो गई, दूसरी में कूड़ा इकट्ठा होता है, लेकिन उसे कोई भी लेने नहीं आता है। अंकुर पांडेय निवासी इंद्रपुरी मोहल्ला ने बताया कि उनके वार्ड में शुरू से ही डस्टबिन नहीं लगाई, जबकि पलिया स्टेट हाइवे से सटा मोहल्ला है। अभी हाल ही में पाइप लाइन डालने के लिए नगर पंचायत ने खुदाई कराई, जिसे पटवाया भी नहीं। धीरे धीरे गड्ढे का रूप ले लिया। अब आने जाने में समस्या हो रही है। अशोकनगर निवासी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि वार्ड में गंदगी का अम्बार है। घर से निकलते ही लोग सड़क के किनारे कूड़ा डाल देते हैं।


डस्टबिन के बाहर पड़ा कूड़ा का ढेर। ● अमृत विचार


स्टैंड में रखी खड़ी इकलौती डस्टबिन।


टूटे पड़ा डस्टबिन का स्टैंड। ● अमृत विचार

▸▸ **अंबेडकर नगर, शास्त्रीनगर, इंद्रपुरी, अशोकनगर, गांधीनगर, नानकनगर आदि में लगे थे**

"कस्बे के लगे सभी कूड़े दानों की सफाई नियमित होती है और कूड़ा उठाकर लाया जाता है। टूटे हुए सभी कूड़ेदानों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार है। कुछ स्थानों पर बदले भी जाने हैं। जल्दी ही सभी डस्टबिन ठीक करा दिए जाएंगे।

–**दिनेश शुक्ला**, अधिशासी अधिकारी– नगर पंचायत निघासन।

## लाखों की लागत से बना सुलभ शौचालय अनुपयोगी

संवाददाता, निघासन

▸▸ **विधायक निधि से निर्माण कराया गया था**

**अमृत विचार :** हनुमान गढ़ी मंदिर में विधायक निधि से बनाया गया महिला और पुरुष शौचालय अव्यवस्थाओं के अभाव में अनुपयोगी साबित हो रहा है। इसका निर्माण करीब 12 लाख की लागत से कराया था। निर्माण कराने के बाद अभी तक इसका उपयोग नहीं हो रहा है।

नगर पंचायत निघासन में प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी का विशाल मंदिर है। दर्शनार्थियों सहित संत महात्माओं का भी आना जाना रहता है। मंदिर कमेटी द्वारा संत महात्माओं के रहने के लिए कमरे भी बने हैं, लेकिन मंदिर परिसर में लोगों की सुविधा के लिए शौचालय नहीं था। नगर वासियों सहित मंदिर कमेटी ने सुलभ शौचालय का निर्माण कराने के लिए भाजपा विधायक पटेल शंशाक वर्मा को अवगत कराया था, जिस पर विधायक ने विधायक निधि से मंदिर में महिला व पुरुष का शौचालय का निर्माण कराया, लेकिन निर्माण के कुछ दिनों बाद ही उसमें ताला जड़ दिया। मंदिर में आने जाने वालों को परेशानी होने लगी। सोशल मीडिया पर जब लोगों ने वीडियो वायरल किया तो उसका ताला खोल दिया, लेकिन शौचालय की फर्श और शीट जगह-जगह से टूटने के कारण यह उपयोग लायक नहीं रह गया। यहां न तो पानी की कोई व्यवस्था है और न ही वॉश बेसिन में टोटी लगी है। इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना पड़ता है। उधर, इस बाबत विधायक शशांक वर्मा का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं है। अभी वह लखनऊ में हैं। आने पर नगर पंचायत से मामले की जानकारी करेंगे और यहां व्यवस्थाएं ठीक कराएंगे।


शौचालय में धंसी सीट।


हनुमान गढ़ी में निर्मित शौचालय। ● अमृत विचार


बिना टोंटी का वॉश बेसिन।

## मऊ के युवक की मिलक में ट्रेन से गिरकर मौत

**रामपुर।** मंगलवार देर रात ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसकी शिनाख्त मऊ निवासी सतेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जिला मऊ के थाना रामपुर बिलौली के गांव ताजपुर बलवा निवासी गोविंद प्रसाद का बेटा सतेंद्र कुमार (29) अपने भाई विशिष्ठ के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी कर रहा था। दोनों भाई मंगलवार रात किसी ट्रेन से नई दिल्ली से रवाना होने के बाद शाहजहांपुर जा रहे थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# सरस्वती के आशीर्वाद से समाज में यश वैभव का संचार होगा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन के साथ हुआ हवन**

**अमृत विचारः** आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में हवन पूजन का आरंभ नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती का पूजन पंडित आनंद तिवारी के मंत्रोच्चार से कराया। प्रतिनिधि विद्यालय संरक्षक अरविंद पांडे, प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा, न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी ने हवन कुंड में आहुति दीं। मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी के आशीर्वाद से संपूर्ण समाज में यश वैभव कीर्ति का संचार होगा।

शिक्षक आकाश तिवारी, अनुष्का मिश्रा, चंदा दीक्षित, फैयाज अली, दरक्षा परवीन, शिवा बानो, शगुन सोनी, साहिबा बानो सहित विद्यार्थी मौजूद रहे। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में वसंतोत्सव तथा फाउंडर्स डे धूमधाम से मनाया। स्व. राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा और, संस्थापक स्व. अरविंद गिरि के चित्र पर प्रबंध निदेशक विधायक अमन गिरि, निदेशक मोहित पुरी, राजवीर सिंह, मधुसूदन गिरि, विश्वनाथ सिंह, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र, नवनियुक्त प्रधानाचार्य मुदित शाह ने माल्यार्पण किया। मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में छात्राओं ने सरस्वती वंदना पेश की। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र -छात्राओं को अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। संचालन शिक्षक प्रखर मिश्रा, कक्षा 11 की छात्राओं यशस्वी और आरुषि ने किया। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी पर सरस्वती का पूजन कर आशीर्वाद लिया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और वीर हकीकत राय की जयंती भी मनाई। छात्रा अंशू ने महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, आराध्या ने वीर हकीकत राय के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, बिसवां के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन किया। संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया।


आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में सरस्वती पूजन करतीं मीनाक्षी अग्रवाल। ● अमृत विचार



राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। ● अमृत विचार

### स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल में हुए कार्यक्रम

**बिझौली।** स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी मनायी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश जी और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन के साथ स्कूल के प्रबंधक सत्यनारायण वर्मा, योजना प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्य शिखर खेतान ने किया। प्रधानाचार्य शिखर खेतान ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। संचालन शिशिर कुमार मिश्रा ने किया। आशीष वर्मा, सर्वेश वर्मा, राहुल सक्सेना, हिमांशु वर्मा, हिमाम खान, अक्षय सिंह, सिद्धार्थ कुमार, प्रिया शर्मा, पारुल गुप्ता, ईशा गुप्ता, आयुषी गुप्ता, हिमानी कश्यप, अंकित मिश्रा, भावना शुक्ला, साक्षी अवस्थी, अमृता श्रीवास्तव, सरिता यादव, मनप्रीत जग्गी आदि मौजूद रहे।



रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## गन्ना भरी बैलगाड़ी में पीछे से घुसी कार, चार घायल



**केशवापुर, अमृत विचार :** पीलीभीत–बस्ती नेशनल हाईवे 730 पर जलालपुर तुसौरा चौराहा के निकट गोला चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रही बैलगाड़ी में अनियंत्रित कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बैलगाड़ी खींच रहे बैल और बैठा किसान घायल हो गया। साथ ही कार सवार चार लोग भी घायल हुए हैं। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग निवासी संजय कुमार (36) पुत्र जगदेव प्रसाद गन्ना भरी बैलगाड़ी लेकर गोला चीनी मिल जा रहे थे। बताते हैं कि तुसौरा चौराहा के निकट लखीमपुर की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर बैलगाड़ी में पीछे से जा घुसी, जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गये। गाड़ीवान संजय और बैलगाड़ी में जुते बैल भी घायल हो गए। घटना में कार सवार अखिल कुमार (12) पुत्र नितेश कुमार निवासी उदयपुर थाना मितौली को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है, जिसमें अखिल कुमार को सिर में चोट अधिक होने से लखनऊ आइकॉन हॉस्पिटल भेजा गया है, जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। अन्य कार सवारों में करुणेश कुमार (35), जयंत कुमार (15), शिवम कुमार (14) जिला सीतापुर के निवासी बताए जाते हैं। जिनको सीतापुर में निजी वाहन से पहुंचाया गया है।

## संसारपुर धनुष यज्ञ मेला को हुआ भूमि पूजन



**संसारपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर कस्बे में पुलिस चौकी के पीछे स्थित मेला मैदान में मेला धनुष यज्ञ का भूमि पूजन कर आरंभ किया गया। प्रधान पति संसारपुर राम प्रसाद देवल ने गांव के प्रतिष्ठित लोगों के साथ मेला शुरू किया। मेले में झूले, नाव, ट्रेन के साथ खेल खिलौने की बाहरी दुकानें सजाई गईं। मेला सन 1960 से लग रहा है। ग्राम पंचायत संसारपुर के प्रथम ग्राम प्रधान पंडित बालक राम दीक्षित ने नींव रखी थी। यह मेला वसंत पंचमी से आठ दिन तक चलता है। इस मौके पर पंचायत मित्र मोहम्मद फरहत, भाजपा नेता प्रदीप दीक्षित, पुरोहित मुन्नालाल, कृष्णपाल मिश्रा, मुकेश कुमार गुप्ता, किशोर कुमार गुप्ता, अशोक स्वर्णकार, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पंचायत सचिवालय का जीर्णोद्धार बाद लोकार्पण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कुंभी ब्लॉक की गोला देहात ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय का जीर्णोद्धार कराए जाने के बाद बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। ग्राम पंचायत गोला देहात के सचिवालय का उद्घाटन कर ग्राम प्रधान राजेश गिरि ने ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह आदि ने अमृत वाटिका, जन सेवा केंद्र, सभागार, प्रधान कक्ष, सचिव कक्ष का निरीक्षण किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मंच से कहा कि जिले में कहीं भी ऐसा सचिवालय नहीं बना है। उन्होंने ग्राम प्रधान राजेश गिरि की विकास कार्यों में प्रशंसा की। विधायक अमन गिरि ने कहा कि नगर से जुड़ी ग्राम पंचायत होने के नाते विकास में गोला देहात पीछे नहीं रहेगी, उनसे जो सहयोग बनेगा वह करने को तैयार हैं। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने ग्राम पंचायत सदस्यों, चौकीदार को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला पंचायत रात अधिकारी सौम्यशील सिंह, गौरव वर्मा, आशीष मिश्रा, राजेश कुमार समेत तमाम प्रधान, ग्रामीण और अधिकारी मौजूद रहे। संचालन डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने किया।


सचिवालय का लोकार्पण करते विधायक।

## 24 फरवरी को लखनऊ कूच करेंगी रसोइयां, बनाई रणनीति


विलोबी ग्राउंड में रसोइयों की बैठक को संबोधित करती जिलाध्यक्ष उषा गुप्ता।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **संयुक्त रसोइयां मोर्चा की बैठक बुधवार को हुई**

**अमृत विचारः** संयुक्त रसोइयां मोर्चा की बैठक बुधवार को विलोबी मेमोरियल ग्राउंड में हुई। जिसमें वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का माल्यार्पण कर वंदना की गई। रसोइयां कार्यकर्ताओं ने 24 फरवरी को ट्रेन से लखनऊ पहुंचकर 25 फरवरी को इको गार्डन लखनऊ में होने वाले रसोइयां अधिवेशन को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा गुप्ता ने बताया कि 25 फरवरी को इको गार्डन लखनऊ में रसोइयों का महाअधिवेशन है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद रेखा अरुण वर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद आदि जनप्रतिनिधि मंत्री उपस्थित होंगे। रसोइयों की लंबित मांगों का निराकरण कराने के संबंध में मंत्रियों को अवगत कराया जायेगा। बैठक को प्रदेश महामंत्री कैलाश कुमार, पुत्तीलाल, नीनाक्षी, सीता देवी ने भी सम्बोधित किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र के अभिलेखों में पहले नाम साहिल (SAHIL) भूलवश गलत दर्ज है। जो बदलकर सही नाम साहिल खान (SAHIL KHAN) रख लिया है। साहिल व साहिल खान दोनों मेरे पुत्र के ही नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को साहिल खान नाम से जाना व पहचाना जाये। ताहिर खान पुत्र नईम खान, निवासी- पुरवा बब्बन खां, सुभाष नगर, तहसील व जिला बरेली
आर्यन्स रेस्टोरेन्ट
पीलीभीत बाईपास बरेली पर तेज गति से रोटी बेलने वाले हैल्पर और झाड़ू पोंछा सफाई वाले की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, रहना खाना फ्री।
फोन : 9027526127
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मऊ के युवक की मिलक में ट्रेन से गिरकर मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार देर रात ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसकी शिनाख्त मऊ निवासी सतेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जिला मऊ के थाना रामपुर बिलौली के गांव ताजपुर बलवा निवासी गोविंद प्रसाद का बेटा सतेंद्र कुमार (29) अपने भाई विशिष्ठ के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी कर रहा था। दोनों भाई मंगलवार रात किसी ट्रेन से नई दिल्ली से रवाना होने के बाद शाहजहांपुर जा रहे थे। ट्रेन जब मिलक के पास पहुंची तो विशिष्ठ किसी काम से चला गया। जबकि उसका भाई ट्रेन में सीट पर बैठा था। जब वह वापस आया तो उसका भाई गायब था। उसने ट्रेन में तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

### बाथम वैश्य महासभा की ओर से आयोजित हुआ शादी समारोह, बैंड बाजों की धुन पर नाचते गाते पहुंचे बराती

# वेलेंटाइन डे पर लिए फेरे...12 जोड़ों का सामूहिक विवाह बन गया यादगार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बाथम वैश्य महासभा के तत्वाधान में दहेज रहित आदर्श सर्व वैश्य सामूहिक विवाह समारोह कराया गया। गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई।12 जोड़े प्रणय सूत्र बंधन में बंधे। मोहम्मदी रोड स्थित श्री श्याम जी राइस मिल में बुधवार को वैश्य समाज के सामूहिक विवाह की बारात बैंड बाजों के साथ दोपहर में कंजा देवस्थान से निकली। 12 दूल्हे अलग-अलग सजी हुई कारों पर सवार और बाराती पैदल बैंड बाजे और गानों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। श्याम जी राइस मिल द्वार पर बाथम वैश्य महासभा, महिला सभा और नवयुवक सभा के पदाधिकारियों और समाज के पुरुष, महिलाओं ने बारात का स्वागत किया। द्वाराचार के बाद सभी दूल्हों को मंच पर ले जाया गया, फिर दुल्हनें जयमाल लेकर मंच पर पहुंचीं। अपने-अपने चुने हुए दूल्हों को जयमाला पहनाई। समारोह में शाहजहांपुर के एमएलसी सुधीर गुप्ता, खैराबाद जिला सीतापुर के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, खुटार नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा, उद्योगपति सत्यप्रकाश अग्रवाल आदि ने वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। गायत्री परिवार के परिब्राजक सत्यनारायण वर्मा और उनके साथियों ने विवाह संपन्न कराया।



समारोह में एकदूसरे के गले में वरमाला डालते वर वधू। ● अमृत विचार


विवाह समारोह में मौजूद अतिथि, पदाधिकारी और वर वधू के परिवारवाले।

### खीरी सहित छह जिलों के हैं वर वधू

वसंत पंचमी और वेलेंटाइन डे के दिन जिन वर और कन्याओं का विवाह हुआ है वह जिला लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखनऊ के निवासी हैं। इनमें नौरंगाबाद लखीमपुर के अनन्य गुप्ता का विवाह काशीराम कॉलोनी निवासी शिवानी के साथ, सुखदासपुर जिला पीलीभीत निवासी विशाल का विवाह सलोनी निवासी भावलखेड़ा शाहजहांपुर के साथ, रमुवापुर खीरी निवासी अमन का विवाह चकरिया बाजार बहराइच निवासी दिव्या के साथ, लहरपुर जिला सीतापुर निवासी विजय का विवाह भवानीगंज पुनर्भूगृट निवासी पूजा के साथ, निर्मल नगर लखीमपुर निवासी कन्हैया और निर्मल नगर की शिवानी शाह का विवाह हुआ। रामपुर जिला खीरी निवासी विशाल कुमार का विवाह पीरपुर शाहाबाद हरदोई निवासी अनन्या गुप्ता के साथ, टोड़रपुर शाहाबाद हरदोई निवासी सूरज का विवाह पड़रना पिहानी हरदोई निवासी आराधना के साथ, अमन शाहाबाद हरदोई का विवाह शाहाबाद हरदोई निवासी कोमल के साथ, अटवा संडीला हरदोई निवासी अतुल का विवाह पटेल नगर लखीमपुर निवासी स्वाती के साथ, इंदिरा नगर लखनऊ निवासी शुभम का विवाह आलमनगर लखनऊ की सोनी के साथ, भावलखेड़ा शाहजहांपुर निवासी तपोवन गुप्ता का विवाह खूंटी बुजुर्ग मितौली की सलोनी के साथ, मुड़िया सिधौली शाहजहांपुर निवासी तरुण गुप्ता का विवाह रामपुर मितौली निवासी अंजली के साथ हुआ।

# पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या का मामला... छह दिन बाद युवक ने दम तोड़ा, तनाव

### आईसीयू में वेंटीलेटर पर था युवक, मौत की खबर से मची खलबली, पुलिस अलर्ट

कासगंज कार्यालय

**अमृत विचार :** किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक ने अमांपुर थाना परिसर में टॉयलेट में आत्महत्या का प्रयास किया था। छह दिन के बाद युवक ने उपचार के दौरान अलीगढ़ में दम तोड़ दिया है। इससे मामले में अब संवेदनशीलता और बढ़ गई है। युवक की मौत से पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। थाना अमांपुर से लेकर युवक के गांव तक पुलिस ने नाकेबंदी कर दी है। राजनीति भी तूल पकड़ रही है।


मृतक गौरव

गांव सुलहपुर निवासी गौरव पुत्र रघुराज सिंह पर गांव की एक किशोरी भगा ले जाने का आरोप लगा। उसे पुलिस ने 3 फरवरी को हिरासत में लिया था। मानवाधिकारों का हनन करते हुए उसे न्यायालय में पेश नहीं किया। जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हुआ। परिजनों का आरोप है कि पुलिस लगातार प्रताड़ना देती रही, जिससे उसने तंग आकर 9 फरवरी को थाने के शौचालय के जंगले में मफलर से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की थी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। संतरी ने दरवाजा तोड़कर पुलिस की मदद से उसे अस्पताल भेजा था। यहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया था। इधर, थाने में आत्महत्या की कोशिश को लेकर खलबली मच गई। डीआईजी ने यहां दो दिन डेरा डाला। एसपी ने एएसपी को जांच सौंपी। अलीगढ़ में गंभीर हालत में युवक का उपचार चल रहा था। उसे वेंटीलेटर पर रखा था। उपचार के दौरान बुधवार को गौरव ने दम तोड़ दिया है। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है। कई थानों का फोर्स को गांव एवं अमांपुर थाने में तैनात कर दिया है।

## किशोरी पक्ष के दबाव में पुलिस ने मेरे भाई को मार डाला

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

- मृतक गौरव की बहन ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप
- परिजन बोले- प्रयास के बाद भी नहीं छोड़ रही थी पुलिस

**अमृत विचारः** गौरव की मौत होने के बाद चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। परिजनों का आरोप है कि हत्या की धाराओं में पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और हमें इंसाफ दिलाया जाए।

युवक की मौत के बाद गौरव की बहन राधा का रो-रोकर बुरा हाल है। उसका आरोप है कि जब 3 फरवरी को पुलिस भाई को लेने आई तो भाई-बहन के अलावा अन्य परिजन घर नहीं थे। जब पुलिस से पूछा गया कि मेरे भाई को क्यों ले जा रहे हो तो उन्होंने कहा कि एक मामले में ले जा रहे हैं और जल्द ही छोड़ देंगे। बार-बार गिड़गिड़ाने के बाद भी पुलिसकर्मी नहीं माने। घर से थाने ले जाकर मेरे भाई के साथ मारपीट की। परिजनों के साथ मैं थाने पहुंची और अनुरोध किया कि भाई को छोड़ दो, लेकिन पुलिसकर्मियों ने नहीं सुनी। मानवाधिकार का हनन किया गया। इतना प्रताड़ित किया कि भाई परेशान हो गया। यहां तक की मेरे भाई को मारकर शौचालय में फांसी के फंदे पर लटका दिया। अब मेरे भाई की मौत हो गई है। आरोपी पुलिसकर्मियों पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

## बहन की शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे भाई की हादसे में मौत

**मुरादाबाद,अमृत विचारः** बहन की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे भाई की हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना छजलैट क्षेत्र के गांव सीतापुर निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र मजदूरी करता था। बताया गया कि आगामी 18 फरवरी को राजेंद्र की चचेरी बहन धन्नो की शादी होनी है। जिसके तहत राजेंद्र मंगलवार को बहन की शादी के कार्ड बांटने गया था। बताया गया कि मंगलवार की रात कार्ड बांटकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस बीच छजलैट थाना क्षेत्र में ही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेंद्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार अन्य हरि सिंह और मोहित घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी आ गए। राजेंद्र की मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया।

# तौकीर के प्रदर्शन से लौटते लोगों ने नहीं किया था पथराव, खुद पर चली थीं ईंटें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल की बैठक में लगाया आरोप, कहा
- पुलिस सीसीटीवी चेक करे तो हो जाएगा खुलासा
- व्यापार मंडल की आड़ में की जा रही है माहौल खराब करने की कोशिश

**अमृत विचार :** अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल ने आरोप लगाया है कि शहामतगंज में मौलाना तौकीर रजा के प्रदर्शन से लौट रहे लोगों ने पथराव नहीं किया था बल्कि शरारती तत्वों ने उन पर पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक करे तो पूरा खुलासा हो जाएगा। यह भी आरोप लगाया है कि व्यापार मंडल के नाम पर कुछ संदिग्ध लोग शहर में नफरत फैलाकर शांत माहौल गरमाने की कोशिश कर रहे हैं।

अंजुमन की बुधवार को हुई एक बैठक में सचिव शान रजा ने कहा कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने मस्जिदों और मदरसों पर हो रहे हमलों, मस्जिदों को मंदिरों में बदलने की कोशिशों के खिलाफ गिरफ्तारी देने का एलान किया था। यह कार्यक्रम संवैधानिक दायरे में होना था लेकिन पुलिस-प्रशासन ने तौकीर रजा को बिहारीपुर पुलिस चौकी पर ही रोक दिया। मौलाना ने अपना विरोध दर्ज कराने के बाद लोगों से बिना किसी शोरशराबे के घर लौटने के लिए कहा था।

शान रजा ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन से लौट रहे लोगों पर शहामतगंज की गुड़ मंडी में अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया। अंजुमन के उपाध्यक्ष हाजी उवैस खां और हाजी शावेज हाशमी ने कहा कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने से खुलासा हो जाएगा कि माहौल खराब करने के पीछे किन शरारती तत्वों का हाथ था। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध किस्म के लोग व्यापार मंडल के नाम पर नफरत फैलाने के साथ शांत शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बैठक में प्रशासन से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बैठक का संचालन अंजुमन के वरिष्ठ सदस्य हाजी आसिम हुसैन ने किया।

### हल्द्वानी में जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलें 10-10 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने हल्द्वानी की घटना में पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर गिरफ्तारियों पर रोक लगाने की मांग की है। जमात की बैठक में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हल्द्वानी में पुलिस ज्यादती कर रही है। घरों पर दबिश बंद करने के साथ गिरफ्तारियां रोकी जाएं और जान गंवाने वालों के परिवारों को 10-10 लाख और घायलों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा भी दिया जाए। इसके साथ सरकार ठोस कदम उठाकर हल्द्वानी में जल्द शांति स्थापित करे। बैठक में हाजी नाजिम बेग, वसीम मियां, सय्यद शाबान अली, मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी, अजहर बेग आदि मौजूद रहे। वर्चुअल तौर पर उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सैयद मोहम्मद अशरफ कादरी भी जुड़े।

# कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा होमगार्ड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एंटी करप्शन ने रंगे हाथों दबोचा, दोनों के खिलाफ एफआईआर
- होमगार्ड की निलंबित ड्यूटी बहाल करने को मांगे थे 30 हजार

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बुधवार को होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सेटेलाइट चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक होमगार्ड की निलंबित की गई ड्यूटी बहाल करने के लिए गौरव जिला कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा था। थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में होमगार्ड गौरव के साथ जिला कमांडेंट को भी नामजद किया गया है।

एफआईआर एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर आनंद कुमार वर्मा की ओर से दर्ज कराई गई है। इसके मुताबिक आंवला के गांव आजमपुर निवासी सतीश चंद्र वर्मा ने 10 फरवरी को कार्यालय आकर शिकायत की थी कि वह होमगार्ड

> होमगार्ड को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। छानबीन में पता चला है कि होमगार्ड कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ली जा रही थी, इसलिए होमगार्ड कमांडेंट को भी नामजद करते हुए थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। - **यशपाल सिंह,** सीओ एंटी करप्शन।

के पद पर तैनात हैं। उनका 27 जनवरी को जमीन को लेकर भाई जगदीश से विवाद हो गया था। उन पर उनके पिता ने एनसीआर दर्ज करा दी थी। आंवला पुलिस की ओर से 30 जनवरी को इसकी रिपोर्ट भेजने के बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक के लिए उनकी ड्यूटी निलंबित कर दी थी।

सतीश के मुताबिक नौ फरवरी को वह जिला कमांडेंट को स्पष्टीकरण देने पहुंचे थे। कमांडेंट ने उन्हें अपना पत्र होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को देकर बात करने को कहा। गौरव ने उन्हें बताया कि साहब ने ड्यूटी बहाल करने के लिए 30 हजार रुपये मांगे हैं। इसमें 10 हजार उन्हें अभी देने होंगे और बाकी 20 हजार दो-चार दिन के अंदर। सतीश का आरोप है कि उन्होंने रकम बहुत ज्यादा होने की बात कहकर कम करने को कहा लेकिन गौरव ने साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने एंटी करप्शन की टीम से शिकायत की। बुधवार को टीम ने उन्हें केमिकलयुक्त नोटों के साथ भेजा था। सेटेलाइट चौराहे के पास अपनी स्कूटी से पहुंचे गौरव ने जैसे ही रकम हाथ में ली, उसे दबोच लिया गया।

## विजिलेंस की छापेमारी में 11 बिजली चोर पकड़े गए, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचारः** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार तड़के टीमों ने पुराना शहर में छापेमारी की। इस दौरान बिजली चोरी के कई मामले पकड़े गए। बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके अलावा पीर बहोड़ा में भी छापामारी की गई। बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग और विजिलेंस छापेमारी कर रहा है। बिजली चोरों पर कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ गौरव शर्मा ने बताया कि बुधवार तड़के सूफी टोला, पुराना शहर, कासिम मियां की मजार,गंगापुर चौराहा समेत अन्य जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम ने 11 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसा जा रहा है।

# जिले में एक महिला ड्रोन दीदी...समूहों की नहीं बढ़ी आमदनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- इफको द्वारा हुआ चयन, आमदनी से पहले ट्रेनर ने समूह से 16 हजार रुपये वसूले
- विभागीय अधिकारियों को ड्रोन दीदी बनाने के लक्ष्य की नहीं है जानकारी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिला समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराकर खेती में प्रयोग करने की योजना फाइलों से आगे नहीं बढ़ रही है। अभी तक ड्रोन दीदी के तौर पर सिर्फ पसगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत जमुनिया शहबाज के अनवी स्वयं सहायता समूह की सुनीता बावा को ड्रोन मिला है। इनकी आमदनी आगे नहीं बढ़ पा रही है, लेकिन ट्रेनर ने समूह से 16 हजार रुपये लेने के बाद ड्रोन को अनलॉक कर दिया।


सुनीता बावा (पहली ड्रोन दीदी)

जनपद खीरी कृषि प्रधान होने के कारण करीब छह लाख किसान परिवार खेती-किसानी से जुड़े हैं। खेती में रासायनिक उर्वरकों के अलावा नैनो उर्वरकों के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है। लिक्विड फार्म में आने वाली नैनो यूरिया, नैनो डीएपी समेत कीटनाशकों का फसलों पर छिड़काव करने के लिए ड्रोन का उपयोग करना आवश्यक है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाने की पहल वर्ष 2023 में जोरशोर से की गई थी। सूत्रों की मानें तो प्रत्येक ब्लॉक में ड्रोन दीदी का चयन किया जाना था, लेकिन एक ब्लॉक पसगवां के एक समूह की महिला सदस्य को ड्रोन दीदी बनाया है। अन्य 14 ब्लॉकों में कई माह बीतने के बाद अभी तक ड्रोन दीदी का चयन नहीं किया गया है। ऐसे में नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने की मुहिम फ्लाप होती नजर आ रही है। इससे 14 ब्लॉकों के किसान ड्रोन के अभाव में नैनो उर्वरकों का प्रयोग करने में सक्षम नहीं हैं। वहीं महिला समूहों की आय में वृद्धि के प्रयास भी फाइलों से बाहर नहीं निकल पाएंगे। इस मामले में एनआरएलएम के उपायुक्त राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बताया कि यह योजना कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इसलिए समूहों की महिला का चयन करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है। अभी तक एक महिला का चयन ड्रोन दीदी के तौर पर किया गया है।


खेत में खड़ी फसल पर ड्रोन के जरिए किया जा रहा उर्वरक का छिड़काव।

### ड्रोन से उर्वरकों के छिड़काव से मिल रहे अच्छे परिणाम

जनपद की पहली ड्रोन दीदी सुनीता बावा ने बताया कि दिसंबर 2023 में इफको से ड्रोन मिला था। एक हांडा जनरेटर व तिपहिया आटो मिला है। प्रयागराज के फूलपुर स्थित इफको के प्लांट में ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण मिला था। सुनीता ने बताया कि ड्रोन से अब तक करीब 20 एकड़ खेत में नैनो उर्वरक व कीटनाशक का छिड़काव किया है। फसलों पर अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। ड्रोन के जरिए फसलों पर उर्वरक व कीटनाशक का छिड़काव करने से किसानों की लागत में कमी आती है। किसानों में जागरुकता कम है, जिससे आमदनी में अपेक्षा के मुताबिक सफलता नहीं मिली है।

> जनपद में पसगवां के अलावा मितौली और लखीमपुर की एक-एक महिला को ड्रोन दीदी के तौर पर चयनित किया गया है और प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। अभी किन्हीं कारणवश रोक लगाई गई है, जिससे मितौली व लखीमपुर में ड्रोन नहीं दिया गया है। 16 हजार रुपये ट्रेनिंग के जमा कराए गए हैं। **-एससी मिश्रा,** उप महाप्रबंधक, इफको।

**कार्रवाई**

### कोर्ट से जारी हुआ 83 का नोटिस, फरार दंगाइयों में मास्टर माइंड के बेटा समेत पार्षद भी शामिल

# मास्टर माइंड मलिक समेत फरार सभी नौ दंगाइयों की संपत्ति की जाएगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दंगे की रात ही बेटे समेत फरार हो गया था अब्दुल मलिक
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश से दिल्ली, हरियाणा तक हो रही तलाश

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के फरार मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस अब फरार सभी आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। इस घटना में अब्दुल मलिक का बेटा भी नामजद है। दोनों दंगे की रात से ही शहर छोड़कर फरार हो गए थे। सभी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक दबिशें दे रही है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल को ढहाने के लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही पथराव शुरू हो गया और करीब साढ़े 4 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान लगातार दंगाइयों ने पथराव किया। टीम ने निकलने का प्रयास किया तो सरकारी वाहनों में आग लगा दी गई और कर्मियों को घेर पथराव व जलते टायर फेंके गए। इस मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 18 लोगों को नामजद किया था। अभी नामजदों में नौ लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, जिसमें मलिक और उसका बेटा भी शामिल है। दोनों घटना की रात से फरार हैं। इन दोनों के साथ ही पुलिस फरार शकील अंसारी, वसीम उर्फ हप्पा, मौकिन सैफी, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू की तलाश भी कर रही है।

### दंगे में इन नामजद आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

1. लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा निवासी महबूब आलम पुत्र अब्दुल रउफ वार्ड 23 का पार्षद
2. वार्ड 21 इंद्रानगर लाइन नंबर 14 बनभूलपुरा निवासी जिशान परवेज पुत्र स्व. जलील अहमद, वार्ड 25 का पार्षद
3. लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा निवासी अरशद अयूब पुत्र अमीर अहमद
4. लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी जावेद सिद्दीकी पुत्र स्व .अब्दुल मोइन, सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का भाई
5. लाइन नंबर 3 बनभूलपुरा निवासी अस्लम उर्फ अस्लम चौधरी पुत्र स्व. इब्राहिम, डेयरी का काम
6. लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी जुनैद पुत्र असलम

### इन आरोपियों की होनी है गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. शकील अंसारी
4. वसीम उर्फ हप्पा
5. मौकिन सैफी
6. एजाज अहमद
7. तस्लीम
8. जियाउल रहमान
9. रईस उर्फ दत्तू

### जब्त होंगे पासपोर्ट, बैंक खाते किए जाएंगे फ्रीज

**हल्द्वानी ।** जितने भी लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हैं, अब उनपर कानून का शिकंजा कस रहा है। फरार सभी नौ आरोपियों में जितने लोगों के भी पासपोर्ट हैं, पुलिस सभी को जब्त करने जा रही है। इसके अलावा वह धन बल के दम पर फरार न हो सकें तो उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि दंगे के बाद से फरार लोगों ने खाते से कितने पैसे कहां से निकले और कहां खर्च किए। अगर ट्रांजेक्शन ऑन लाइन हुई है तो पुलिस के लिए इन तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

> फरार आरोपियों के खिलाफ पहले से ही एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया गया है। अब कुर्की की कार्रवाई के आदेश भी न्यायालय से मिल चुके हैं। जल्द ही फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। **- योगेंद्र सिंह रावत,** डीआईजी।

## दंगे के षड्यंत्र में सफेदपोश, जल्द होंगे सलाखों के पीछे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस की जांच में शहर के बड़े सफेदपोशों के नाम आए सामने
- शुक्रवार से पहले पुलिस कर सकती है कुछ लोगों की गिरफ्तारी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के षड्यंत्र में कुछ सफेदपोशों के नाम में सामने आए हैं और दो से तीन दिन के भीतर पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर सकती है। फिलहाल पुलिस इनके खिलाफ मिले सुबूत को गहनता से परख रही है। जिन सफेदपोशों के नाम इस घटना से जुड़ रहे हैं, उनके फोन भी बंद हैं।

बता दें कि जिन लोगों को पुलिस ने मुकदमे में नामजद किया है,उनमें से अधिकांश या तो सक्रिय राजनीति में हैं या फिर उनकी अच्छी राजनीतिक पहुंच है। कुछ को तो पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है और कुछ की तलाश में दबिशें जारी हैं। इन सबके बीच अज्ञातों की शिनाख्त के लिए भी धर-पकड़ तेजी से जारी है। पुलिस को जांच में अभी तक जो सुबूत मिले हैं, उसमें कुछ बड़े नेता भी हैं। हालांकि पुलिस ने अभी तक नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन पता लगा है कि शुक्रवार तक पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर सकती है। माना यह भी जा रहा है कि इनकी गिरफ्तारी से राजनीतिक गलियारे में बड़ी हलचल मचने वाली है।

## 50 प्रतिशत से कम सवारी मिलीं तो परिचालक पर कार्रवाई

**बरेली,अमृत विचारः** आरएम ने यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक में कम सवारी ले जाने वाले परिचालकों को चिह्नित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं चालक और परिचालक अगर वर्दी में नहीं हैं तो भी कार्रवाई करने को कहा। पुराने रोडवेज बस अड्डे पर अपने कार्यालय में बुधवार को आरएम दीपक चौधरी ने रीजन भर के यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि रीजन की बसों में अगर 50 प्रतिशत से कम सवारी हों तो मौके पर ही परिचालक पर जुर्माना डालकर रिपोर्ट उन्हें दें। इसके अलावा बिना वर्दी के मिलने वाले चालकों के साथ परिचालकों पर भी कार्रवाई करें। आरएम ने कहा कि सर्दी कम हो गई है। मौसम साफ होने पर यात्री भी आ रहे हैं। ऐसे में 50 प्रतिशत से कम सवारी होने पर बसों का संचालन किसी हाल में नहीं किया जाए।

## वेलेंटाइन डे पर होटलों पर की छापेमारी, मची खलबली

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** बुधवार को एसडीएम आदेश सागर और सीओ प्रवीन कुमार तिवारी के साथ एसएचओ अनिल कुमार सिंह ने फोर्स को लेकर बालाजी मंदिर के आसपास के होटलों में छापे मारी, जिससे होटल संचालकों में खलबली मच गई। इस दौरान पुलिस ने चार कपल को बरामद किया। पुलिस पकड़े गए कपल को लेकर थाने लाई। यहां से पकड़ी गईं युवतियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। जबकि युवकों को थाने पर बैठा दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बालाजी के आसपास बने होटलों में देह व्यापार का धंधा जोरों पर चल रहा है। क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के होटल संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक अनिलकुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को अधिकारियों के साथ चेकिंग की गई थी। इसमें चार कपल पकड़े गए। इनमें से युवतियों को हिदायत देकर छोड़ दिया है। जबकि लड़कों के परिजनों को बुलाया गया है।

# आगरा के कागारौल में हुई एटीएम लूट का खुलासा, तीन बदमाश दबोचे गए

### कब्जे से तीन लाख 67 हजार रुपए नगद, तीन मोबाइल और एक कार बरामद की

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** आगरा के कागारौल थाना क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व हुई एटीएम लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बदमाश पूरी एटीएम मशीन को ही काटकर ले गए थे। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके चार साथी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। डीपी सनम कुमार ने बताया कि 8 जनवरी को कागज थाना क्षेत्र में छात्र बदमाशों ने एटीएम लूट की घटना को अंजाम दिया था।

बदमाश पूरी मशीन को ही काटकर ले गए थे। शातिरों ने पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए गूगल मैप के गूगल अवॉइड टोल के माध्यम से भागने के लिए सुरक्षित रास्ता ढूंढा। इससे वे पुलिस की नाक के नीचे से इतनी बड़ी घटना को करके फरार हो गए थे। बदमाशों की तलाश के लिए



एटीएम लूट के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। ● अमृत विचार

एसओजी, सर्विलांस और थाना कागारौल पुलिस लगी हुई थी। घटना से जुड़े छोटे से छोटे सुराग को खंगाला जा रहा था। करीब एक महीने से अधिक मशक्कत के बाद पुलिस एटीएम लूट करने वाले शातिरों तक पहुंच सकी। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन बदमाशों में सन्तोष सैनी पुत्र नानूराम सैनी निवासी जयपुर, नरेश उर्फ दिनेश मीणा

**▸▸ सात बदमाश एटीएम मशीन को ही काटकर ले गए थे**

पुत्र रामकिशन निवासी अलवर और विष्णु कुमार सैनी पुत्र सुरेश चंद्र सैनी निवासी नीम का थाना राजस्थान को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 3 लाख 67 हजार रुपए नगद, तीन मोबाइल और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है।

**गूगल अवॉइड मैप के सहारे भागने में हुए थे कामयाब**

डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले वहां की रेकी करते थे। साथ ही वह लोग गूगल पर सर्च करते हैं, की कौन सा एटीएम कहां है और उसके आने जाने वाले रास्ते पर टोल पड़ता है अथवा नहीं। इसके बाद जिन एटीएम के रास्तों पर कोई टोल नहीं पड़ता, उसकी पहले रेकी की। वे लोग 8 जनवरी को कागारौल में एटीएम लूट करने आए तो सारे रूट को गूगल पर सर्च कर लिया था फिर लूट कर भाग निकले थे। आरोपियों ने बताया कि इस घटना में 7 लोग शामिल थे। पुलिस ने तीन आरोपियों को तो पकड़ा है, जबकि उनके चार साथियों चंद्रपाल सैनी निवासी नीम का थाना, लोकेश निवासी अलवर, गणेश मीणा निवासी नीम का थाना और नानता निवासी नीम का थाना राजस्थान की पुलिस को तलाश है।

## पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से 15 हजार का इनामी घायल

**रहरा/अमरोहा, अमृत विचार :** थाना रहरा पुलिस व एसओजी की बदमाश से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में गोली लगने से 15 हजार रुपये का इनामी बदमाश घायल हो गया। पुलिस को बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। मुठभेड़ की घटना रहरा थाना क्षेत्र के छपना से लालापुर रोड पर हुई। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार रात रहरा थाना प्रभारी संदीप चौधरी पुलिस टीम के साथ छपना रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गयी। जानकारी होने पर सीओ दीप कुमार पंत भी मौके पर पहुंच गए। लालापुर रोड पर पुलिस की गोली लगने से बदमाश फूलकुंवर पुत्र नन्हे निवासी ग्राम उझारी थाना सैदनगली घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश फूलकुंवर उर्फ नन्हे को गिरफ्तार कर लिया।

## पहले प्रेमी ने ब्लैकमेल कर किया शोषण, फिर दोस्त ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, आगरा

**▸▸ दो युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** सैंया थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में दो व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार तो कर लिया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

सैंया थाना क्षेत्र के गांव की युवती से वीरेंद्र उर्फ वीरू नाम के युवक की दोस्ती थी। जानकारी के अनुसार वीरू ने अपने मित्र अंकित पुत्र लाल सिंह निवासी इटौरा थाना मलपुरा को युवती को लाने के लिए उसके घर भेजा। सुबह करीब 10 बजे अंकित युवती को अपनी बाइक पर बैठाकर सैंया की ओर एक होटल में ले गया। अंकित ने होटल में युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद बदहवास हालत में युवती को होटल में छोड़कर भाग गया।

पीड़िता के परिजनों ने पूरे दिन उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। शाम को बदहवास हालत में युवती अपने घर पहुंची और उसने आपबीती परिजनों को सुनाई। युवती के साथ हुई घटना के बारे में सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र उर्फ वीरू ने पहले उससे प्रेम की बातें कर अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

उसके बाद चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसलिए वह वीरेंद्र के फोन पर अंकित के साथ चली गई।पीड़िता ने बताया कि अंकित ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। सैंया थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चेयरकार की जगह जनरल कोच लगाकर चला दी इंटरसिटी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुविधाओं के नाम पर यात्रियों को किस तरह ठगा जा रहा है इसकी एक बानगी बुधवार को बरेली जंक्शन पर देखने को मिली। नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस को चेयरकार के स्थान पर जनरल कोच लगाकर चला दिया गया। मजबूरी में यात्रियों को जनरल कोच में ही सफर करना पड़ा। अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

बुधवार सुबह 14315 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर चार पर लगाया गया था। यात्रियों ने अपना कोच ढूंढना शुरू किया तो डी-1 और डी-2 आरक्षित कोचों में चेयरकार की जगह अनारक्षित साधारण कोच लगा था



जिस पर यात्रियों ने ऐतराज जताया। बताया गया कि रात को जब ट्रेन दिल्ली से आई थी तो यह जनरल कोच लगे हुए आये थे। जो चेयरकार आम तौर पर ट्रेन में लगाए जाते हैं वे बरेली में उपलब्ध नहीं थे लिहाजा इन्हीं कोचों के साथ ट्रेन को चला दिया गया।

**इंटरसिटी की जगह आला हजरत से किया सफर :** 14315 नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस में सफर के लिए सुबह बरेली जंक्शन

**▸▸ डी-1 व डी-2 कोचों की जगह लगाए गए सामान्य कोच**

**▸▸ दिल्ली से लगकर आए थे चेयरकार की जगह साधारण कोच**

यात्री पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ट्रेन को 4 घंटा 30 मिनट रिशेड्यूल कर दिया गया है। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस को अपने निर्धारित समय 4:55 बजे के स्थान पर सुबह 9:30 बजे चलाया गया। ट्रेन लेट होने के कारण दिल्ली जाने वाले काफी यात्री आला हजरत एक्सप्रेस से निकल गए। जबकि कई यात्रियों ने आरक्षित टिकट वापस कर दिए। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात को यह ट्रेन लेट आई थी। मेंटिनेंस आदि कार्यों के कारण ट्रेन को देरी से चलाया गया।

## ट्रेन में गर्भवती ने बच्चे को जन्म दिया

**आगरा, अमृत विचार :** हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति स्टेशन जा रही रेलगाड़ी के सामान्य डिब्बे में गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया।

आगरा मंडल के प्रवक्ता प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार देर रात 11:20 बजे ट्रेन संख्या-12156 के सामान्य डिब्बे में सवार गर्भवती महिला क्षमता देवी को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद आगरा स्टेशन पर एंबुलेंस और रेलवे चिकित्सक को तैनात किया। 11 बजकर 45 मिनट पर महिला ने ट्रेन में बच्चे को जन्म दिया। ट्रेन के आगरा स्टेशन पहुंचने के बाद रेलवे चिकित्सक ने जच्चा-बच्चा की जांच की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# पति की हत्यारी पत्नी को आजीवन कारावास

संवाददाता, फिरोजाबाद

**अमृत विचार :** जिले के थाना रसूलपुर इलाके में हत्या की आरोपी महिला को जिला न्यायालय के एडीजे प्रथम नवनीत गिरी की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्याभियुक्त पूनम द्वारा तीन वर्ष पूर्व अपने पति बंटी वर्मा पुत्र जगराम वर्मा से विवाद के दौरान बंटी के सिर में हथौड़े से प्रहार कर दिया था जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपी पूनम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीन साल से केस की प्रभावी पैरवी थाना रसूलपुर में तैनात विवेचक निरीक्षक फतेह बहादुर भदौरिया, पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल देवप्रकाश द्वारा की जा रही थी। एडीजीसी प्रेम सिंह वर्मा द्वारा पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य कोर्ट के सामने प्रस्तुत किए गए । उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के प्रभावी पैरवी से मिले ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मामले में अभियुक्त पूनम पुत्री गीतम सिंह निवासी गंगा नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को न्यायालय द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास । साथ ही लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है ।

## प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित छात्रों को अंतिम मौका

**▸▸ 16 को छूटे हुए छात्रों की कराई जाएगी परीक्षा**

**▸▸ जिले में 40 और सबसे अधिक 1190 छात्र हैं शाहजहांपुर में**

**बरेली।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं एक हफ्ते बाद शुरू हो जाएंगी। इससे पहले माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिलों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं से वंचित छात्रों को दोबारा मौका देने का निर्णय लिया है। क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 16 फरवरी को सभी जिलों में छूटे हुए छात्रों की दोबारा प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाएगी। क्षेत्रीय सचिव डा. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि किसी स्कूल के शत प्रतिशत छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा देने से छूटे हैं तो वहीं परीक्षा कराई जाएगी। जबकि एकल रूप में कहीं- कहीं छात्र परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उनकी परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक और क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जनपद स्तर पर निर्धारित किए गए केंद्रों पर कराई जाएगी। इसके बाद कोई अवसर छात्रों को नहीं मिलेगा। जिले में 40 तो शाहजहांपुर में सबसे अधिक 1190 छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा देने से छूट गए हैं। वहीं, मुरादाबाद में 89, अमरोहा में 66, बिजनौर में 70, रामपुर में 56, संभल में 82, बदायूं में 70, पीलीभीत में 15 छात्र परीक्षा नहीं दे पाए हैं। इन छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया गया है। इस संबंध में सभी जिलों के डीआईओएस को निर्देश जारी किए गए हैं।

## चोरी-छिनैती करने वाली तीन महिला अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता, फिरोजाबाद

**▸▸ पुलिस ने महिला गिरोह को पकड़कर किया खुलासा**

**▸▸ लगभग दो किलो गांजे का पैकेट किया बरामद**

**अमृत विचार :** जिले की टूंडला कोतवाली पुलिस ने एक महिला गिरोह को गिरफ्तार किया है, जो भीड़भाड़ वाले इलाकों में चोरी छिनैती, जेब कटिंग के साथ-साथ नशे के आदी चिलम पीने वाले और गांजे का शौक रखने वाले लोगों को गांजा भी सप्लाई करती हैं।

टूंडला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दीक्षित ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या दो फिरोजाबाद रोड पर एक होटल के पास खाली ग्राउंड में कुछ महिलाओं के रुके होने की सूचना आई थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर फिरोजाबाद रोड स्थित खाली ग्राउंड में बैठी महिलाओं से जब पूछताछ की तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। पुलिस द्वारा इन महिलाओं की जब तलाशी ली गई तो इनके पास से गांजे के पैकेट बरामद हुए। अलग-अलग तीन पैकेट अवैध गांजा कुल वजन करीब 1 किलो 940 ग्राम के साथ महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया ।

पकड़ी गईं महिलाओं में भारती पत्नी राकेश उम्र 40 वर्ष, वंदना पत्नी दीपक उम्र 50 वर्ष, मीरा पत्नी गौतम उम्र 40 वर्ष निवासी नगला खुशहाली भोगीपुरा थाना शाहगंज शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक महिलाओं ने पूछताछ में इन अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। पुलिस ने इन पर विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## हत्या के मामले में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** जिले के थाना सिरसागंज क्षेत्र के जायमई में मंगलवार देर शाम चंदे के विवाद में 70 वर्षीय बुजुर्ग रामसेवक की हत्या के मामले में आरोपी संदीप को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी संदीप, रामसेवक की हत्या करने के बाद गांव से भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदीप सूरजपुर दुगमई नहर से होता हुआ जा रहा है। इसी दौरान पुलिस ने उसकी घेराबंदी की पुलिस ने जब आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो संदीप ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव में जवाबी फायरिंग की तो आरोपी संदीप को बाएं पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर लिया।

## वेलेंटाइन डे के विरोध में हिंदूवादी नेताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** अखिल भारती हिंदू महासभा ने वेलेंटाइन डे के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध जताते हुए प्रदर्शनकारियों ने गुलाब के फूलों और टेडी बियर को पैरों तले रौंदा। इसके साथ ही उन्होंने वेलेंटाइन डे मनाने पर रोक लगाने की मांग की। वेलेंटाइन डे का विरोध जताने के बाद उन्होंने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को वेलेंटाइन डे अवसर पर आगरा के थाना नाई की मंडी स्थित सुभाष पार्क पर हिंदूवादी नेता एकत्रित हुए। वहां उन्होंने वेलेंटाइन डे का विरोध जताते हुए नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिल भारती हिन्दू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि देशवासी अपनी सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। वेलेंटाइन डे के नाम पर पश्चिमी सभ्यता को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाश्चात्य संस्कृति के इस पर्व को मनाने पर हमारे देश में पूर्णतः रोक लगानी चाहिए है। पांच वर्ष पहले 14 फरवरी को पुलवामा में हमारे देश के वीर जवान शहीद हुए थे। इसलिए इस दिन को उनकी शहादत के रूप में मनाना चाहिए। प्रदर्शन कर रहे हिंदूवादियों ने पहले गुलाब और टेडी बियर को पैरों से कुचला। उसके बाद उसके बाद टेडी बियर को आग लगाकर उस पर जूते बरसाए। वेलेंटाइन डे मुर्दाबाद के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के बाद हिंदूवादी नेताओं ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ताज के साए तले प्रेमी जोड़ों ने मनाया वेलेंटाइन डे

**आगरा।** मोहब्बत की निशानी ताजमहल पर वेलेंटाइन डे के अवसर पर सैकड़ों प्रेमी जोड़े इस दिन को यादगार बनाने पहुंचे। ताज के साए में किसी ने फूल देकर तो किसी ने अपने प्यार को घुटनों पर बैठकर प्रपोज किया। इसके साथ ही ताज को अपने प्यार का गवाह बनाकर फोटोशूट भी करवाया। बेमिसाल प्यार की निशानी ताज को शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में बनवाया था। हर साल की तरह इस साल भी वेलेंटाइन डे पर यहां प्रेमी जोड़े पहुंचे। ताजमहल में एक दूसरे को अपने प्यार का इजहार किया और फोटो भी खिंचवाई। इसके साथ ही कई शादीशुदा जोड़ों ने भी ताजमहल पहुंच के अपने प्यार की यादों को ताजा किया और एक दूसरे का जीवनभर साथ निभाने की कसमें खाईं। चंडीगढ़ से ताजमहल देखने पहुंचे अमन और सोनिया ने बताया वह लोग अपनी शादी का प्री वेडिंग शूट करवाने आगरा आए हैं। ऐसे में वेलेंटाइन डे के दिन को यादगार बनाने और अपनी प्री वेडिंग शूट में कुछ यादगार पलों को कैद करने के लिए वह लोग ताजमहल आए हैं। इनकी तरह सैकड़ों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक अपने साथी के साथ वेलेंटाइन डे पर ताजमहल पहुंचे।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम**
**रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली**
**नीलाम आम बहार वर्ष 2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम उपखण्ड, रूहेलखड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड के मौका क्रमशः सिंचाई निरीक्षण भवन सतुईया एवं निरीक्षण भवन दैय्यावोझ की आम बहार नीलामी वर्ष 2024–25 (एक वर्ष) हेतु दिनांकः 22.2.2024 को 12.00 बजे स्थान कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रुहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा पर अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्रतिनिधि द्वारा नीलामी की जायेगी। नीलामी की शर्ते एवं धरोहर धनराशि की मात्रा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड किच्छा
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

UP-203443 दिनांक 14.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पसगवां-खीरी**

पत्रांक : 3378/लेखा./वि.म.क्षे.वि.नि./अल्पकालिक निविदा सूचना/2023–2024 दिनांक : 14.02.24

**ई–टेण्डर/निविदा आमंत्रण**

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो पर विकास खण्ड–पसगवां द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्मो से विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत ठेकेदारों से 10 लाख रू. से अधिक के कार्यो पर ई–निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 15.02.2024 को दोपहर12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा 10 लाख रू. से कम के कार्यो पर निविदा प्रपत्र विकास खण्ड से कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 15.02.2024 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी जो दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक खण्ड विकास के सील्ड टेण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। समस्त निविदाओं को दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की आगणन धनराशि | जमानत (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रामसभा मुल्लापुर में रामदास शुक्ला के मकान से होली स्थान के पास तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य, 155 मी. (इण्टरलॉकिंग 155 मी.X 3.30 मी. औसत=कुल 511.50 वर्ग मीटर तथा नाली एक तरफ 155 मी.) | 12,38,300.00 | 247766.00 | 1120.00 | 3 माह |
| 2. | ग्रामसभा मुल्लापुर में खेल के मैदान के पास सेमीहाईमास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 178900.00 | 3578.00 | 1120.00 | 3 माह |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदा फार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के कार्यालय में दिनांक 15.02.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक कार्यालय दिवस में 1120.00 रू. नकद धनराशि श्री अयूब अली खां कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य का 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 29.02.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के कार्यालय में सीलबंद टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे/डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि तीन माह निर्धारित की जाती है।
4. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी पसगवां खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 01.03.2024 को समय 02:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
5. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी., 1 प्रतिशत लेबर सेस 8 प्रतिशत जमानत तथा रॉयलटी की कटौती करने के बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
6. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
7. किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
9. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जाये।
10. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी. आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/ फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हों साथ में संलग्न किया जाये।

(मोहित कौशिक)
खण्ड विकास अधिकारी
पसगवां–खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत महिमा नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत मनरेगा/ ग्राम निधि/आईसीडीएस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं / फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा.पं. महिमा नगला में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य | 12 लाख | मनरेगा/ग्राम निधि /आईसीडीएस |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 15/02/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 17/02/2024 को अपराह 2:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान–श्रीमती अनीता सचिव–राजन बाबू

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया बन्नोजान, विकास खंड भदपुरा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठिरिया बन्नोजान में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से मरघट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य निर्माण कार्य | 120 मी. | 4,19,032/– |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है ।

प्रधान–विमला देवी सचिव–उमेश चन्द्र

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिगनिया भगवंतपुर, विकास खंड भदपुरा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जिगनिया भगवंतपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम समाज की जगह सीमा से बुद्धसेन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य निर्माण कार्य | 3,99,000/– |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है ।

प्रधान–बबली गंगवार सचिव–सचिन गंगवार

**कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली**

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक 157/प्र.वि./2023–24 दिनांक : 14.02.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत नगर के पथ–प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रूप से कराये जाने हेतु एवं विद्युत अपव्यय को रोकने हेतु स्वचलित ऑन–ऑफ स्विच (Centralized Control & Monitoring System) की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य किये जाने हेतु अनुभवी फर्मो से उनकी श्रेणी के अनुसार ई–निविदाएं द्वि–बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रस्तावित हैं। ई–निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं.–4848/नौ–5–2018–470सा/2018 नगर विकास अनुभाग–05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं.–3647000100980707 आई. एफ.एस.सी. कोड–PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। अन्य शर्ते एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई–निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15-02-2024 - (01:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 15-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29-02-2024 - (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 29-02-2024 - (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश,
नगर निगम, बरेली

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

# संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए, सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता, क्रिटिकैलिटी, विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है, बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित, यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे, लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं, लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य में पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था, लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है, वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है, परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है, लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं, उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

## प्रसंगवश

# महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

कल वैलेंटाइंन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था, खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है, ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।


वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है, यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

# लिव इन अब कोई खेल नहीं


शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है, क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों, वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है, बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है, किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

## सोशल फोरम

# कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

# राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

# संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है, इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है, जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए, ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे, लोन लेने, होटल, टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया, लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित, लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है, कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी, लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया, यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

## प्रधानमंत्री 22 और 23 फरवरी को वाराणसी में

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करेंगे।

### मुसलमान अपनी इच्छा से मतदान के लिए स्वतंत्र,कोई फतवा जारी नहीं होगा: मुफ्ती अबुल कासिम

# सियासी गतिविधियों से खुद को दूर रखेगा दारूल उलूम

एजेंसी

**देवबंद :** देवबंदी मसलक के धार्मिक शिक्षण केंद्र दारूल उलूम देवबंद ने बुधवार को साफ किया कि 18वीं लोकसभा के होने वाले चुनावों में यह संस्था खुद को सियासत और सियासी गतिविधियों से दूर रखेगी। संस्था के प्रमुख मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी बनारसी ने बुधवार को का कि दारूल उलूम एक इस्लामिक शिक्षण संस्था है जो राजनीति से पूरी तरह से परहेज करती है। देश का मुसलमान



अपनी इच्छा से मतदान करने के लिए स्वतंत्र है। वह जिस पार्टी का समर्थन करें और चाहे जिसे अपना वोट डाले। हम चुनावों के दौरान मुसलमानों के लिए न तो कोई फतवा जारी करेंगे, न कोई निर्देश देंगे और न ही कोई मशवरा देंगे।

**150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है दारूल उलूम देवबंद**

दारूल उलूम देवबंद 150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है। देशभर के साढ़े तीन हजार से भी ज्यादा छात्र यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिनका पूरा खर्चा संस्था उठाती है। यह संस्था पूरी तरह से दान-चंदे पर आश्रित है। दारूल उलूम से देशभर के तीन हजार मदरसे संबद्ध है। नोमानी का कहना है कि इन मदरसों से दारूल उलूम का वास्ता छात्रों को पढ़ाए जाने वाली शिक्षा और पाठ्यक्रम तक ही सीमित है। बाकी मामलों में ये मदरसे क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं दारूल उलूम का उससे कोई लेना-देना नहीं है।

इस सवाल के जवाब में कि मुसलमानों के हितों को लेकर कई ऐसे कदम सरकार द्वारा उठाए गए हैं तो ऐसी सूरत में क्या दारूल उलूम चुनावों के दौरान पूरी तरह से खामोशी अख्तियार रखेगा। उन्होंने कहा कि मसले अपनी जगह हैं। उन्हें उठाने के लिए दूसरे मंच मौजूद हैं। दारूल उलूम की भूमिका तालीम देने तक ही सीमित है। देश की सियासत और सियासतदानों से इस संस्था का कोई लेना-देना नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में मुफ्ती ने कहा कि चुनावों के दौरान यदि कोई राजनेता, मंत्री या विपक्षी दल का सदस्य दारूल उलूम आता है तो संस्था के पदाधिकारी और प्रशासन उनकी अगवानी और उनका स्वागत नहीं करेगा और न उनसे भेंट करेंगा। संस्था हर समय सभी के लिए खुली है लेकिन चुनावों में हम पूरी तरह से राजनीति और राजनेताओं से दूरी बनाकर रखते हैं। इस बार भी उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पॉलीक्लिनिक प्रभारी 80 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को प्रभारी अधिकारी (ओआईसी), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर को 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गुरूवार को उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शिकायत के आधार पर ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर के उस प्रभारी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर आरोप था कि चार अस्पतालों में संबद्ध, ईसीएचएस लाभार्थियों को चिकित्सा संबंधी सेवा के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए प्रति माह एक लाख रुपये रिश्वत की मांग रहे हैं। यह भी आरोप था कि इसके लिए शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया। उसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

### प्रायोगात्मक परीक्षा से वंचित इंटर के छात्रों को एक और मौका

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे और वंचित छात्रों के लिए 16 फरवरी को एक और अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होनी है। उससे पहले सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक छात्र अपनी प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कर खुले मन से प्रमुख परीक्षाओं में हिस्सा ले सकें। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 25 जनवरी 2024 से 09 फरवरी के मध्य आयोजित की गई वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए, वंचित रह गए छात्र/छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2024 को पुन: आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित कराई जाएंगी।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर शास्त्री



**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को ही भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही इंडी गठबंधन और राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा कि मेरे लिए भाजपा के दरवाजे खोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। लगता है कि मेरे दादा लाल बहादुर शास्त्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार काम करूंगा। कहा कि इंडी गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मोदी को हटाना है। राहुल को बताना चाहिए कि कांग्रेस की विचारधारा क्या है। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विभाकर शास्त्री को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सभी ने मिलकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प के साथ विभाकर शास्त्री जी जुडे.है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभाकर शास्त्री के भाजपा में जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी।

# भारतीय दूतावास कर्मी ने पाकिस्तान को दी थी गोपनीय सैन्य जानकारी

### एटीएस की पूछताछ में उगले कई राज, मेरठ से पकड़ा गया था

संवाददाता, मेरठ

**अमृत विचार :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के कर्मी को एक महिला ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर हनीट्रैप में फंसाया था। यूपीएटीएस निरीक्षक राजीव त्यागी ने बताया कि हापुड के शाहमहिउद्दीनपुर गांव निवासी सतेंद्र सिवाल ने युद्धक विमानों और पनडुब्बियों सहित भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की हथियार प्रणालियों से संबंधित गुप्त जानकारी साझा की थी।

सिवाल 10 दिनों के लिए एटीएस की हिरासत में है और यह मियाद 16 फरवरी को समाप्त होगी। त्यागी ने बताया सिवाल पिछले साल उस महिला के संपर्क में आया था, जिसने पूजा मेहरा के नाम से एक ऑनलाइन प्रोफाइल बनाई थी। उसने उसे हनीट्रैप

● सोशल मीडिया के माध्यम से हनीट्रैप में फंसा था सिवाल



में फंसाया और पैसे के बदले गुप्त दस्तावेज साझा करने का प्रलोभन दिया। पूछताछ में सिवाल ने बताया कि उसने महिला के साथ जो दस्तावेज साझा किए थे वे अभी भी उसके फोन में हैं। उसके फोन और उसके द्वारा इस्तेमाल किए गए अन्य गैजेट्स की फोरेंसिक जांच की जा रही है।

एटीएस ने इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक निगरानी के माध्यम से अपनी जांच में पाया कि वह आईएसआई आकाओं के नेटवर्क के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। एटीएस अधिकारियों ने यह भी बताया कि महिला का सोशल मीडिया अकाउंट पाकिस्तान खुफिया एजेंसी द्वारा संचालित किया जा रहा था। एटीएस की मेरठ शाखा ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में 2021 से आईबीएसए (भारत स्थित सुरक्षा सहायक) के रूप में कार्यरत सिवाल को चार फरवरी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। त्यागी के मुताबिक पूछताछ के दौरान, सिवाल संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और अपना अपराध कबूल कर लिया।

एटीएस ने पहले कहा था कि सिवाल पैसे के लिए रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की रणनीतिक गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी प्रदान कर रहा था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसे सिवाल की गिरफ्तारी की जानकारी है और मामले में जांच अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। पुलिस ने बताया कि इस बीच, सिवाल के परिवार के सदस्य हापुड स्थित पैतृक गांव के घर को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर चले गए हैं।

## अधूरी जांच के आधार पर कर्मचारी की बर्खास्तगी अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक नियुक्ति मामले में कहा कि किसी शिक्षक को सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जाना चाहिए कि प्रबंधन ने चयन प्रक्रिया में पर्याप्त निष्पक्षता नहीं रखी है। जब तक शिक्षक को नियुक्ति हासिल करने के लिए प्रबंधन के साथ मिलीभगत करते हुए न पाया जाए, तब तक उसे सेवा में बने रहने का अधिकार है। लंबे समय से कार्यरत शिक्षक को अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर कलम के एक झटके से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। नियुक्ति आदेश और अनुमोदन आदेश रद्द नहीं किए गए हैं तो ऐसे शिक्षक सेवा में माने जाएंगे और वे वेतन भुगतान के तब तक हकदार होंगे, जब तक कि उनका दावा खारिज कर नहीं दिया जाता। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने राकेश त्रिपाठी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), को निर्देश दिया है कि क्षेत्रीय चयन समितियां बिना अभिलेखों को देखे, उनकी सत्यता की जांच किए बिना, लापरवाही से आदेश पारित न करें।

# बेटे की सरकारी नौकरी होने पर भी मृत कर्मचारी की बेटी को अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में माना कि अगर मृत कर्मचारी का पति या पत्नी पहले से ही सरकारी रोजगार में है तो अनुकंपा नियुक्ति की वैधानिक शर्त को कर्मचारी के बच्चों तक बढ़ाया जा सकता है।

कोर्ट ने माना कि मृत कर्मचारियों के बेटे की सरकारी नौकरी होने से सिद्ध नहीं होता कि परिवार किसी आर्थिक तनाव में नहीं है। उत्तर प्रदेश डाईंग इन हार्नेस रूल्स, 1974 में मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों की भर्ती के संबंध में प्रावधान है कि कर्मचारी के परिवार से एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इस नियम में संशोधन किया गया है। जिसके तहत मृत कर्मचारी का जीवनसाथी सरकारी रोजगार में नहीं होना चाहिए। मौजूदा मामले में याची के पिता प्राथमिक विद्यालय, मनिकापुर, ब्लाक बेलघाट, गोरखपुर में हेड मास्टर के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के बाद याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। याची 75 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण पिता की कमाई पर निर्भर थी, याची ने अपने आवेदन के साथ शपथ पत्र दिया कि उसका बड़ा भाई सरकारी नौकरी में है, लेकिन वह परिवार से अलग रहता है। अंत में कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि विधायिका ने नियम में संशोधन किया, जिसमें बेटे को शामिल नहीं किया गया,क्योंकि उसकी कमाई का उपयोग उसके अपने परिवार (पत्नी और बच्चों) के भरण-पोषण के लिए किया जा सकता है। याची का दावा इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि उसका बड़ा भाई सरकारी कर्मचारी है, क्योंकि हलफनामे में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भाई परिवार से अलग रह रहा है। अतः इस आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश रद्द करते हुए न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकल पीठ ने कुमारी निशा की याचिका को स्वीकार कर लिया।

# राममंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश व चांदी की चरण पादुका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के



श्रीराम को समर्पित रजत कलश और चांदी की चरण पादुका।

**कलश में नदियों का जल**

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।

# निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही है निगरानी

▸▸ हो सकता है औचक निरीक्षण, गिर सकती है गाज

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है।

मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।



कंट्रोल रूम में परीक्षा केन्द्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा, बोर्ड रजिस्ट्रार व अन्य।

**महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर**

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में जे. रीभा, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।


## वर्ग पहेली-343

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



**वर्ग पहेली - 342 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शु | | 2 झ | | 3 स |
| 4 मे | जा | | न | | ना |
| | 5 अ | भि | क | थि | त |
| | त | | म | | न |
| | | 6 मा | न | स | |
| | 7 जी | र | क | | |
| | | ना | | | |

**सुडोकू -60**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |


**सुडोकू - 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10 .12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 09 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृष** – आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** – आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** – आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

**तुला** – आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**धनु** – आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**मकर** – आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

**कुंभ** – आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**मीन** – आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- वन टू थ्री – सुबह : 09 .31
- भैयाजी सुपरहिट – रात : 07 .17

SONY PIX
- मॉर्टल कॉम्बैट – सुबह : 10 .17
- वेनम – रात : 09 .00

SONY MAX
- इशकजादे – सुबह : 11 .04
- चक दे इंडिया – रात : 07 .02

ZEE CINEMA
- ईना मीना डीका – सुबह : 10 .30
- नमस्ते इंग्लैंड – रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- राम और श्याम – दोपहर : 12 .03
- कल हो न हो – शाम : 07 .00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो.) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

## आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

### उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

# सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

# इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान



समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आर्कषित किया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 71,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,150-47,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

# ईडी, अन्य एजेंसी पेटीएम को भेज रहीं नोटिस, कंपनी दे रही स्पष्टीकरण

- कंपनी ने कहा-उपलब्ध करा रहे दस्तावेज व जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेटीएम ब्रांड और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली वन97 कम्युनिकेशंस को संबंधित इकाइयों के ग्राहकों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों से नोटिस मिले हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार जानकारी, दस्तावेज उपलब्ध करा रही है।

पेटीएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती है। वित्तीय मंच ने कहा-न97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगी पीपीबीएल को समय-समय पर ग्राहकों के संबंध में ईडी सहित अन्य विभागों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए नोटिस और मांगें प्राप्त होती रही हैं...इस बारे में सभी जरूरी जानकारी अधिकारियों को दी जा रही है।

# कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक



किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

## राष्ट्रीय

# 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

## राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

**जयपुर, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोंधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, ''देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?



राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

# कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिवसेना नेता पर गोलीबारी**

**ठाणे।** अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

# निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों में विस चुनावों के लिए मांगे 3.4 लाख सुरक्षाकर्मी

- उत्तर प्रदेश में 252 व पश्चिम बंगाल में 920 सीएपीएफ की कंपनी तैनात होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 3.4 लाख कर्मियों की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने सभी उपयुक्त सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में ट्रेन की व्यवस्था करने की भी मांग की है ताकि चुनाव कार्यों को पूरा करने के लिए सीएपीएफ कर्मियों को सुगमता से और समय पर एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने ईवीएम और 'स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा के लिए सीएपीएफ की तैनाती का अनुरोध किया है। वहीं सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सीएपीएफ की अधिकतम 3,400 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। पश्चिम बंगाल में सीएपीएफ की अधिकतम 920 कंपनी, जम्मू-कश्मीर में 635, छत्तीसगढ़ में 360 , उत्तर प्रदेश में 252 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है।

### निर्वाचन आयुक्त पद से अनूप पांडे सेवानिवृत्त




अनूप चंद्र पांडे की बुधवार को 65 वर्ष की आयु होने पर निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हो गया। केंद्र सरकार के साथ-साथ यूपी सरकार में 37 साल के करियर के बाद पांडे जून 2021 में आयोग में शामिल हुए थे। पांडे की सेवानिवृत्ति ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिनों बाद निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली और दो केंद्रीय सचिवों वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए 5 उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। वहीं खोज समिति की बैठक 7 फरवरी को होनी थी, लेकिन बैठक स्थगित कर दी गई। वर्तमान में राजीव कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं जबकि अरुण गोयल निर्वाचन आयुक्त हैं।

## एक नजर

### सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

### हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

**जम्मू।** पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

# नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मप्र से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है।

राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

# मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**इंफाल, एजेंसी**

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

# चुनावी बांड योजना की वैधता पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है।

# ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

# कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

**सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा




पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार–एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।



# सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात



शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

# नीदरलैंड 1-0 से जीता, भारतीय खेल में सुधार

**एफआईएच महिला प्रो लीग**

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड के खिलाफ बेहतर रक्षात्मक प्रदर्शन करने के बाद भी बुधवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में 0-1 से हार गई। भारतीय टीम के लिए लीग के मौजूदा चरण में 6 मैचों में यह पांचवीं हार है। नीदरलैंड की यह 10 मैचों में 10वीं जीत है। मौजूदा विश्व, ओलंपिक और प्रो लीग चैंपियन नीदरलैंड के लिए अल्बर्स फेलिस ने 27वें मिनट में गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। नीदरलैंड के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। एक सप्ताह पहले नीदरलैंड ने भुवनेश्वर में भारत को 3-1 से हराया था। मैच में बढ़त लेने के लिए नीदरलैंड को 27 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एल्जेमीक जांडी गेंद पर अच्छी पकड़ के साथ भारतीय सर्कल में पहुंची और गोल पोस्ट की ओर प्रहार किया। सविता ने बचाव किया लेकिन गेंद अल्बर्स के पास चली गई। अल्बर्स ने दोबारा गोल कर दिया। नीदरलैंड ने अपने आक्रामक खेल से दबदबा बनाया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उनका मुकाबला किया।



### पुरुष टीम का लक्ष्य हैट्रिक

**भुवनेश्वर।** एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

## खेल डायरी

### नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

### डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

### भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

### नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

# इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

## राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने



विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी



करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

### भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

### क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

# भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।



### बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

## मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा



**कोपेनहेगन, एजेंसी।** केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

# रोहित होंगे टी-20 विश्व कप में कप्तान

राजकोट, एजेंसी



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत के कप्तानी होंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है, लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा कि हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिल जीते। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी-20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे। इस स्टेडियम का नाम अब क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर है। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले और आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल मौजूद रहे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।




# बॉलीवुड हलचल

## नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि... 'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला... राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

### नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।




## दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।



## करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

### अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीं इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।





**मंदिर के भव्य शिखर हैं खास:** मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

# सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।




## कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

## धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।





## एक नजर

### गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

### इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

### ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

### अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

# घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।



## अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

## भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले:** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद** की समस्या: उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप:** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

# पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

## जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

## इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

जकार्ता। मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

## युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।



अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

# श्रम विभाग के पोर्टल में सेंध लगाकर 1 करोड़ की ठगी

कानपुर, कार्यालय

अमृत विचार: श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रेमी जोड़े के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुछ माल की बरामदगी भी हुई है।

मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि श्रमविभाग की योजनाओं का दो बार पूरे देश में टॉप पर नाम लेकर आया इसके लिए उसे भारत सरकार ने दो बार सम्मानित भी किया। लखनऊ में आयुष्मान योजना में टारगेट पूरा करने के लिए बुलाया गया था। इस फर्जीवाड़े में लखनऊ स्थित श्रम विभाग में कार्यरत अकाउंटेंट दिनेश दीक्षित ने उसे पूरी जानकारी दी थी। बुधवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए लगभग 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी।

साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासा के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया। जांच शुरू की तो पता चला कि इस घटना के मुख्य मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़ा उदित मिश्रा निवासी सजेती हाल पता 19 वीं मंजिल बिल्डिंग पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र हैं। उदित श्रम विभाग के टेक्निकल सलाहकार के रूप में मदद करता था और ट्रेजरी ऑफिसर का डिजिटल सिग्नेचर कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस धोखाधड़ी में शामिल सजेती निवासी अंकित मिश्रा, मुरादाबाद के थाना मोजपुर निवासी मोहम्मद यासीन, मुरादाबाद के थाना कटघर अंबेडकर नगर निवासी ललित कश्यप, सीतापुर के आदर्श नगर निवासी विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि उदित और अंकित भाई हैं। सगे भाई कर रहे थे वारदात मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि उसे धोखाधड़ी करने के लिए कुल धनराशि में 20 फीसदी रकम मिलनी थी। कुछ रकम उसके भाई अंकित मिश्रा के खाते में गई। उसने बताया कि कृष्णा नगर स्थित एक ज्वैलर्स के पास नकद का आदान-प्रदान किया गया था।


प्रेमी उदित मिश्रा, प्रेमिका नैंसी।


मो. यासीन और अंकित मिश्रा।


विनय दीक्षित और ललित।

## आरोपियों के पास से माल बरामद

एडीसीपी अपराध मनीष सोनकर ने बताया कि 63 लाख रुपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया। 5 मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, पांच लैपटॉप, एक सोने की चेन, दो लाख 39हजार, चार सामानों की क्रय रसीदें, एक पासबुक और चेकबुक बरामद हुई है।

# 43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

**माले।** मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।



**विज्ञान** नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण


# लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।


लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

## रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

# पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।

